राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 133, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 28 नवंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


**मुख्य अपडेट**

धुंध की चादर में डूबी दिल्ली, कई स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में .... पेज 03

एटा में ऑनर किलिंग का खुलासा, पुलिस ने भाई को तमंचे सहित किया गिरफ्तार .... पेज 05

तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी तक आयोजित होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 .... पेज 07

**मंदिर दर्शन**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा की।

## शिव की काशी के आंगन में देवताओं ने मनाई देव दीपावली

### देश विदेश के नागरिकों के साथ ही 70 देशों के राजदूत, 150 डेलीगेट्स बने इस अविस्मरणीय पल के साक्षी

वाराणसी। देवताओं के दिव्य लोक में देव दीपावली की छटा कैसी रही होगी, यह तो देवता और ऋषि-मुनि ही जानें, लेकिन देवाधिदेव महादेव की काशी के घाटों पर सोमवार की सांझ की बेला में कार्तिक पूर्णिमा पर जब 21 लाख दीप एक साथ जले तो यहां भी देवलोक सा दृश्य लगा। कार्तिक मास की आखिरी सांझ में अद्भुत, अलौकिक, अनुपम छटा देख इस पल के साक्षी बने लोगों का रोम-रोम पुलकित हो उठा। मान्यता है कि काशी भगवान शंकर के त्रिशूल पर बसी है।



ऐसी ही शिव की काशी के आंगन में देवताओं ने सोमवार को देव दीपावली मनाई। इसके साक्षी देश विदेश के आम नागरिकों के साथ ही 70 देशों के राजदूत, 150 डेलीगेट्स और उनके परिवारीजन बने।

#### 21 लाख दीपों से जगमग हुई काशी

देव दीपावली पर काशी नगरी में लगभग 21 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए गए। काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर ही 12 लाख से अधिक दीप जलाए गए। इनमे एक लाख दीप गाय के गोबर से बने थे। दीप पश्चिमी तट घाटों पर और पूर्वी तट की रेत पर जलाये गए थे। काशी के कुंडों, सरोवरों, गंगा-गोमती तट पर स्थित मार्कण्डेय महादेव, वरुणा नदी के शास्त्री घाट आदि स्थानों को लाखों दीयों से जगमग किया गया। देव दीपावली पर सरकार की ओर से 12 लाख ( एक लाख गोबर के दीप), स्वयंसेवी संस्था और जन सहभागिता से कुल 21 लाख से अधिक दीपों से काशी रोशन हुई। यह पहला मौका है, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुआई में इतनी बड़ी संख्या में कई देशों के राजनायिकों ने इस अलौकिक, अद्भुत और अविस्मरणीय क्षण को अपनी आंखों के सामने देख खुद को गौरवान्वित महसूस किया। योगी सरकार इस वर्ष से देव दीपावली को प्रांतीय मेले का दर्जा दे चुकी है। इससे देव दीपावली की आभा पूरी दुनिया में फ़ैल रही है।

## हिमाचल में अब ट्रैकिंग पर लगेगी फीस

### हर टूरिस्ट के लिए 200 रुपए एंट्री फीस, त्रिउंड ट्रैक पर एक दिन में 20 टेंट लगाने की ही परमिशन

धर्मशाला। हिमाचल सरकार राज्य में ईको टूरिज्म को बड़े स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई नीति बनाने जा रही है। इससे पहले सभी हितधारकों को इन नियमों की जानकारी दी जा रही है। ऐसी ही एक बैठक धर्मशाला सर्किल के वन क्षेत्रों में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग द्वारा आयोजित की गई। इसमें ट्रैकिंग रूट्स के लिए निर्धारित परमिट फीस की दरें प्रस्तावित की गई हैं। इसमें ट्रैकिंग पर



जाने वाले हर एडवेंचर टूरिस्ट को 200 रुपए एंट्री फीस और 2 टूरिस्ट के लिए टेंट में रहने के लिए एक हजार रुपए फीस GST अतिरिक्त भुगतान करना प्रस्तावित किया गया है।

#### त्रिउंड ट्रैक पर एक दिन में 20 टेंट लगाने की मिलेगी इजाजत

त्रिउंड ट्रैक पर एक दिन में केवल 20 टेंट लगाने की अनुमति होगी। अवैध तौर पर टेंट लगाने पर 5100 रुपए जुर्माना लगे जाएगा। गल्लू से त्रिउंड ट्रैक पर एक दिन में 500 टूरिस्ट ही जा पाएंगे। इंद्रुनाग से करथानी और भागसूनाग त्रिउंड ट्रैक पर 400 टूरिस्ट प्रति दिन जा पाएंगे। धर्मशाला एडवेंचर टूर एंड ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट आकाश नैहरिया ने इको-टूरिज्म सोसाइटी द्वारा प्रस्तावित रेट्स को लेकर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि निर्धारित रेट्स से टूरिज्म प्रभावित होगा। इको-टूरिज्म सोसाइटी फीस निर्धारित की जाए, लेकिन समान्य रेट्स पर। आज दिन तक प्रदेश सरकार ने धर्मशाला वन क्षेत्र में कोई भी नई ट्रैक साइट विकसित नहीं की है।

## महाराष्ट्र में बस पलटने से 15 यात्री घायल

कोल्हापुर। महाराष्ट्र में पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर टॉप फाटा में सोमवार सुबह राज्य परिवहन की एक बस पलट जाने से 15 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ठाणे से चांदगढ़ आ रही बस एक मंदिर के सामने मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना में करीब 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को छत्रपति प्रमिलाराहे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अग्रिम जांच जारी है।

## देशभर में बढ़ेगी ठंड

### अगले 24 घंटे में एमपी, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में भारी बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु के कई शहरों में रविवार देर रात बारिश हुई है। कुछ राज्यों में बारिश अभी भी जारी है। इसके चलते इन राज्यों में अचानक से ठंड बढ़ गई है।

राजस्थान में दिन का पारा 8 डिग्री और दिल्ली में 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले यहां पारा शून्य से एक डिग्री नीचे था। गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। यहां बिजली गिरने से 24 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 दाहोद, 3-3 बनासकांठा और भरूच, 2 तापी, अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, खेड़ा, द्वारका, पंचमहल, पाटन, बोटाद, मेहसाणा, साबरकांठा, सूरत और सुरेंद्रनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में



अगले 24 घंटे में भारी बारिश की आशंका जताई है। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड और देश के दक्षिणी राज्यों में अगले दो-तीन दिन बारिश की आशंका है। आईएमडी ने इस हफ्ते के अंत तक देश भर में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

#### एक साथ चार सिस्टम एक्टिव होने से मौसम बदला

आईएमडी के मुताबिक, मौसम में यह बदलाव एक साथ चार मौसमी सिस्टम एक्टिव होने से हुआ है। देश के उत्तरी हिस्से में समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस है। ऊपरी स्तर पर पूर्वी हवाओं के बीच एक ट्रफ लाइन बन गई है।

वहीं, पूर्वोत्तर अरब सागर, सौराष्ट्र और कच्छ तट पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी बना हुआ है। पश्चिमी हवा और पूर्वी हवा में बनी ट्रफ लाइन के बीच टकराव हो रहा है। इसलिए आने वाले दिनों में ठंड बढ़ सकती है।

## गुजरात में बिजली गिरने से 23 मरे

अहमदाबाद। गुजरात में पिछले 24 घंटों में विभिन्न क्षेत्रों में बेमौसम बारिश के दौरान बिजली गिरने से 23 लोगों की मौत हो गयी तथा 23 अन्य लोग जख्मी हो गये। आपदा राज्य नियंत्रण के निदेशक सी सी पटेल ने बताया कि राज्य में बेमौसम हुयी मूसलाधार बारिश के दौरान बिजली गिरने से 23 लोगों की मौत हुयी है तथा कयी लोग जख्मी हुये हैं। इस दौरान राज्य में 71 पशुओं की भी मौत हुयी है। भारी बारिश का सबसे ज्यादा असर गुजरात के अमरेली, सुरेन्द्रनगर, मेहसाणा, बोटाड, पंचमहल, खेड़ा, सबरकांठा, सूरत और अहमदाबाद ज़िलों में पड़ा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश पटेल ने बेमौसम बारिश के कारण गुजरात में हुयी जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया है।

**देव दीपावली**



उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विदेशी मेहमानों के साथ नमो घाट पर दीप प्रचलित कर देव दीपावली कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## कर्नाटक में दंपती ने तीन बच्चों के साथ आत्महत्या की

### सुसाइड से पहले वीडियो बनाया, कहा- कर्ज के चलते साहूकार परेशान करता है

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के तुमकुरु में रविवार रात एक दंपती ने अपने तीन बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। दंपती ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट लिखा था, साथ ही एक वीडियो भी बनाया था।

जिसमें उन्होंने बताया कि हमने कर्ज में डूबे हैं और पैसे लौटाने की स्थिति में नहीं है। साहूकार हमें प्रताड़ित करता है। हमारे पास आत्महत्या करने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है।

मृतकों की पहचान गरीब साब, पत्नी सुमैया, बेटी हजीरा, बेटों मोहम्मद शाभान और मोहम्मद मुनीर साब के रूप में हुई है। गरीब साब कबाब



बेचकर अपने परिवार का गुजारा करते थे।

#### एसपी बोले- बिल्डिंग में रहने वाले लोग परेशान करते थे

तुमकुरु के एसपी अशोक कुमार के हवाले से बताया कि मौके से सुसाइड नोट मिला है। परिवार का एक वीडियो भी मिला है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वो जिस इमारत में वह रहते हैं, उसी बिल्डिंग में रहने वाले एक शख्स और उसके परिवार के सदस्यों ने उनके परिवार को कर्ज न चुका पाने की वजह से प्रताड़ित किया।

वीडियो में साब ने राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर और पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मामले में दुख जताया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कराएंगे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## नासिक में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत

नासिक। महाराष्ट्र में नासिक जिले के मनमाड के पास रविवार रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो भाइयों सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार घायल हो गए। ग्रामीण पुलिस ने कहा कि पहली घटना में, मनमाड-येओला रोड पर मनमाड के पास एक कार की कंटेनर से आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वे मनमाड के पास कुंडलगांव में भगवान म्हसोबा के दर्शन करने के बाद नासिक जा रहे थे। मृतकों की पहचान श्रेयस धनावते, गणेश सोनावणे, ललित सोनावणे, रोहित धनावते और प्रतीक नाइक के रूप में हुई। एक अन्य घटना में जिले के मनमाड शहर के पास चोंडी घाट के पास मनमाड-मालेगांव रोड पर एक कंटेनर की चपेट में आने से एक कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई और चार घायल हो गए।

## सेना की बढ़ेगी ताकत : खरीदने जा रही 200 नई माउंटेड होवित्जर तोप

नई दिल्ली। चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) जैसे ऊंचाई वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी मोबाइल मारक क्षमता बढ़ाने के लिए भारतीय सेना जल्द ही 105 मिलीमीटर 37 कैलिबर की तोपों से लैस 200 नई माउंटेड हावित्जर तोपें खरीदने के लिए जल्द ही निविदा जारी करने जा रही है।

#### 'मेक इन इंडिया' प्रोजेक्ट के तहत की जाएगी खरीदारी

रक्षा सूत्रों ने बताया कि यह खरीद 'मेक इन इंडिया' प्रोजेक्ट के तहत की जाएगी। पहली बार भारतीय तोपखाने (आर्टिलरी) में इस प्रकार की 105 मिलीमीटर की माउंटेड हावित्जर तोपें शामिल होंगी। इससे अग्रिम पंक्ति में



तैनात टुकड़ियों की ताकत में वृद्धि होगी।

#### तोपखाने का आधुनिकीकरण कर रही सेना

उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना स्वदेशी कंपनियों की क्षमताओं का उपयोग करके अपने तोपखाने का आधुनिकीकरण कर रही है, क्योंकि भारतीय उद्योग ने इस क्षेत्र में क्षमताएं विकसित की हैं और अब वह इन प्रणालियों को विदेश भी निर्यात कर रहा है। 200 माउंटेड हावित्जर तोपों के साथ रक्षा मंत्रालय जल्द ही मेक इन इंडिया के तहत खींचकर ले जा सकने वाली (टाउड) 400 नई तोपों की खरीद को मंजूरी पर भी विचार करने जा रहा है। 30 नवंबर को होने वाली रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इनकी खरीद के प्रस्ताव पर चर्चा होने की उम्मीद है।

#### पूरी तरह भारतीय होगी हावित्जर

भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट 155 मिलीमीटर/52 कैलिबर की खींचकर ले जा सकने वाली तोप प्रणाली का उत्पादन करने के लिए भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता का उपयोग करना चाहती है। भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित हावित्जर का मतलब यह होगा कि यह पूरी तरह से भारतीय होगी। सेना चाहती है कि पुरानी बोफोर्स तोपों की तरह ये तोपें वजन में हल्की हों और इन्हें ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करना आसान हो। पिछले दशक में 155 मिलीमीटर हावित्जर की खरीद के लिए चार अनुबंध हुए हैं। इन तोप प्रणालियों को पहले ही सेना में शामिल किया जा चुका है और अधिक रेजिमेंटों को इन तोपों से सुसज्जित किया जा रहा है। सात रेजिमेंटों को पहले ही अल्टा लाइट हावित्जर (यूएलएच) से सुसज्जित किया जा चुका है, जबकि पांच को सेल्फ प्रोपेल्ड गन से सुसज्जित किया गया है।

**मंडल कमीशन** — जिस मंडल कमीशन पर बहुत दिनों से किसी की नजर में नहीं आ रहा था उसे लागू करने का काम किया

## मंडल कमीशन का विरोध करने वाले ही आरक्षण लेने में सबसे आगे रहे : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू कर पिछड़ों को अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया। जिस मंडल कमीशन पर बहुत दिनों से किसी की नजर में नहीं आ रहा था उसे लागू करने का काम किया। अखिलेश ने सोमवार को चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इसका आयोजन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने किया। अखिलेश ने कहा कि मंडल कमीशन लागू करने में वीपी




सिंह का साथ एम करूणानिधि, मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव और शरद यादव आदि ने दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस तरह से दलित आबादी को आरक्षण दिया उसी तरह से मंडल कमीशन लागू होने से पिछड़े वर्गों के सपनें पूरे हुए।

उन्होंने कहा कि चेन्नई में प्रतिष्ठित प्रेसीडेंसी कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की प्रतिमा लगना दक्षिण भारत के साथ पूरे देश उत्तर प्रदेश और बिहार, हरियाणा के लिए बड़ा संदेश है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भी बड़ा संदेश है। स्टैच्यू लगाने के लिए मैं मुख्यमंत्री को अपनी, समाजवादी पार्टी और जिन्हें मंडल कमीशन लागू होने के बाद अधिकार व सम्मान मिला उनकी तरफ से बधाई देता हूं। मंडल कमीशन लागू होने के बाद देश में वीपी सिंह और उनके साथ के नेताओं को तमाम तरह का विरोध झेलना पड़ा था। मंडल कमीशन के विरोध में आंदोलन हुआ। बसें जला दी गई। सरकारी दफ्तरों में तोड़फोड़ हुई। उस समय जिन लोगों ने पिछड़ों के अधिकारों का विरोध किया था। जान देने का प्रयास किया था, न जाने क्या-क्या बातें कहीं थी वहीं लोग 10 प्रतिशत ईडब्लूएस आरक्षण लेने में सबसे आगे रहे। हम लोगों ने कोई विरोध नहीं किया। अखिलेश ने कहा कि दिल्ली की सरकारों ने पिछड़ों को अधिकार नहीं दिया। दिल्ली की सरकारें निजीकरण की तरफ जा रही हैं। अब जातीय जनगणना का मामला है। जातीय जनगणना के साथ कैसे लोगों को बराबरी पर खड़ा किया जाए। जातीय जनगणना होने से सभी जातियों की संख्या की जानकारी होगी। उन्हें हक और सम्मान दिलाया जा सकेगा। जातीय जनगणना से ही सामाजिक न्याय का लक्ष्य पूरा होगा। इस अवसर पर वीपी सिंह की पत्नी सीता कुमारी और उनके पुत्र अजय सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नेता मौजूद रहे।

## उत्तरकाशी टनल हादसा : सुरंग में फंसे मशीन के टुकड़े निकाले, हाथ से होगी खुदाई

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 लोगों को बचाने के काम में बाधक बने टूटी मशीन के टुकड़ों को निकाल लिया गया है और सोमवार शाम से वहां हाथों से खुदाई का काम शुरु हो जाएगा।

एनडीएमए के सदस्य एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन तथा सुरंग मामलों के तकनीकी विशेषज्ञ विशाल चौहान ने सोमवार को यहां मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरंग में खुदाई करने वाली ऑगर मशीन के टूटे टुकड़ों को निकाल दिया गया है और अब मशीन की जगह हाथों से आगे का काम आज शाम से शुरु कर



दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की जान बचाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है और इस काम में अत्यधिक सावधानी बरती जा रही है इसलिए मशीनों की जगह हाथों से खुदाई का काम शुरु किया जा रहा है। इस काम के लिए छह लोगों की टीम बनाई गई है और 3-3 लोगों एक समय काम करेंगे। इस विकल्प में अब मशीन काम में नहीं लाई जाएगी इसलिए प्रगति की रफ्तार स्वाभाविकरूप से धीमी हो जाएगी।

मौसम के खराब होने के अनुमान को लेकर उन्होंने कहा कि इसका बचाव के काम पर कोई असर नहीं होगा। अगले 48 घंटों में हल्की बारिश होने का अनुमान है लेकिन इससे काम प्रभावित नहीं होगी।

## शार्ट न्यूज

### निर्वाचन आयोग ने रायतु बंधु योजन के तहत भुगतान रोकने का दिया आदेश

नई दिल्ली/ हैदराबाद। (पी एम ए) तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से पहले केसीआर को बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग ने रायतु बंधु योजना के तहत भुगतान पर रोक लगा दी है। बता दें कि रायतु बंध योजना के तहत भारत राष्ट्र समिति आर्थिक सहायता मुहैया कराती है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के मतदान से महज तीन दिन पहले भारत राष्ट्र समिति को चुनाव आयोग से बड़ा झटका लगा है। चुनवा आयोग ने सोमवार को तेलंगाना सरकार को रयथु बंधु योजना के तहत रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता देने की अनुमति वापस ले ली। इलेक्शन कमीशन ने ये कार्रवाई राज्य के एक मंत्री द्वारा मॉडल कोड प्रावधानों के उल्लंघन के बाद की है। इलेक्शन कमीशन ने कहा, इस स्कीम के तहत तब तक कोई भुगतान नहीं होगा जब तक कि तेलंगाना राज्य में सभी रूपों में आदर्श आचार संहिता लागू नही हो जाती।

### प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सीपीएम नेता जैक सी थॉमस को लीगल नोटिस

नई दिल्ली। (पी एम ए) मलयाली न्यूज चैनल एशियानेट में एक डिबेट के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में सीपीएम नेता जैक सी थॉमस की ओर से अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर आर्गनाइजर के पूर्व संपादक डॉ. आर बालाशंकर ने लीगल नोटिस भेजा है। लीगल नोटिस में सात दिन के अंदर सार्वजनिक माफी मांगने को कहा गया है। ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। लीगल नोटिस में कहा गया है कि थॉमस ने 20 नवंबर को एशियानेट न्यूज चैनल पर डिस्कसन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए नराधम शब्द का इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक शब्द के इस्तेमाल पर पैनल डिस्कसन में बैठे मेहमानों और न्यूज एंकर ने आपत्ति जताई। तब भी जैक सी थॉमस ने अपना बयान वापस नहीं लिया। लीगल नोटिस में कहा गया है कि जैक सी थॉमस ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर प्रधानमंत्री की गरिमा को कम करने की कोशिश की है। ये हेट स्पीच के अलावा मानहानि के तहत आता है।

### गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करें : सुक्खू

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर सोमवार को यहां गुरूद्वारा साहिब श्री गुरु सिंह सभा में शीश नवाया। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मुख्यमंत्री को सिरोपा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाओं का वर्तमान में भी विशेष महत्व है और लोगों से आग्रह किया कि इन शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक व पहले सिख गुरु गुरुनानक देव जी समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन भर अथक प्रयास करते रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कहा कि प्रदेश सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की है जिसके तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### अप्रवासी बुजुर्ग महिला की हत्या मामले में नेपाली मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड की पिथौरागढ़ पुलिस ने अप्रवासी बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में सोमवार को नेपाली मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पिथौरागढ़ के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के अनुसार बीती रात को पिथौरागढ़ के वड्डा में दिल्ली में रहने वाली बुजुर्ग महिला माधवी चिल्कोटी की हत्या कर दी गई थी। मृतक अपने मकान की मरम्मत के लिए अपने घर पिथौरागढ़ आयी थी। घटना की जानकारी मृतका के भतीजे विशाल राज चिल्कोटी की ओर से वड्डा थाना पुलिस को दी गई। हत्या का शक मृतका के मकान में बतौर केयर टेकर रह रहे नेपाली मूल के रूपिन्दर पर जताया गया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आरोपी रूपिन्दर नाथ योगी निवासी ग्राम शेरू वॉर्ड नंबर-नौ जिला मुगु, नेपाल हाल निवासी वड्डा, पिथौरागढ़ को झूलाघाट रोड किल्ल से आज गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूटे गए रुपए और सोने के जेवरात भी बरामद कर ली है।

### हैदराबाद में 2600 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मुफ्त यात्रा की पेशकश करेगा रैपिडो

हैदराबाद। तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए देश की अग्रणी यात्रा-शेयरिंग परिवहन कंपनी रैपिडो ने सोमवार को हैदराबाद के 2600 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मुफ्त सवारी प्रदान करने की घोषणा की। इस कदम के साथ, रैपिडो मतदाताओं को परिवहन समस्याओं से मुक्त करना चाहता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर मतदाता गुरुवार को अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। रैपिडो की पहल पर टिप्पणी करते हुए, रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा कि भारत का लोकतंत्र इसका सबसे बड़ा आकर्षण है और हमें सभी मतदाताओं को मतदान करने में मदद कर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। गुंटुपल्ली ने कहा, हम लोगों से परिवहन की चिंता किए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आग्रह करते हैं। चुनाव के दिन मुफ्त बाइक सवारी की सुविधा देकर, हमारा उद्देश्य नागरिकों को मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### दो अलग-अलग हादसों में दो व्यक्तियों की मौत

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाडा जिले में दो अलग-अलग हादसों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई तथा दो घायल हो गए। पुलिस के अनुसार पुर थाना क्षेत्र में जाटों का खेड़ा निवासी पप्पू लाल बैरवा ने थाने में रिपोर्ट दी कि उसके अंकल का बेटा रामपाल बैरवा, उसकी पत्नी पत्नी सीमा एवं नारायण बैरवा बाइक से खेत से घर जा रहे थे खारोलिया खेड़ा कट के पास पहुंचे थे कि पीछे से कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामपाल, उसकी पत्नी सीमा एवं नारायण घायल हा गये। तीनों को हाइवे एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां नारायण बैरवा की मौत हो गई, जबकि दंपती को भर्ती कर लिया गया। इसी तरह एक अन्य हादसा गुलाबपुरा थाना इलाके में हुआ। पुलिस ने बताया कि कानिया निवासी देवेंद्र सिंह राठौड़ ने रिपोर्ट दी कि उसका काका रामसिंह (57) दोपहर को मुरायला के रास्ते कानिया स्थित अपने खेत पर जा रहे थे। खेत के पास ही पीछे से आये डंपर ने रामसिंह राठौड़ को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही रामसिंह की मौत हो गई। शव को गुलाबपुरा अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### फर्जी आई.डी.बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज

अजमेर। राजस्थान में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार ज्ञानचंद सारस्वत ने आज गंज थाने में अज्ञात के खिलाफ गोली मारने की धमकी तथा फेसबुक पर फर्जी आई. डी.बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। अजमेर नगर निगम के पार्षद तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से बागी होकर विधानसभा चुनाव में अंत तक मैदान में डटे रहने वाले ज्ञानचंद सारस्वत ने बताया कि 25 तारीख को फर्जी आईडी बनाकर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट डालने की घटना हुई, साथ ही अज्ञात द्वारा गोली मारने की धमकी गम्भीर विषय है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राजनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते है जो अनदेखी करने योग्य होते है और मैंने किये भी हैं।

# वेस्ट मैटेरियल के टाइल्स से बनेंगे फुटपाथ

## ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने सीआरआरआई के साथ बैठक कर दी सहमति, देश का पहला शहर बनेगा



गौतम बुद्ध नगर। आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) से हाथ मिलाया है। प्राधिकरण सीआरआरआई के साथ बहुत जल्द करार करने जा रहा है। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में इस्तेमाल करने की भी तैयारी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष एसीईओ मेधा रूपम और अन्नपूर्णा गर्ग की मौजूदगी में सीआरआरआई की प्रस्तुतिकरण में इस पर सहमति बन गई है। सीईओ ने सभी वर्क सर्कल को मॉडल रोड चिह्नित कर वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए हैं। अगर फुटपाथ बनाने में पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल हुआ तो ग्रेटर नोएडा ऐसा करने वाला देश का पहला शहर बन जाएगा।

अच्छी सड़क ग्रेटर नोएडा की पहचान है। इसे और बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर ईको फ्रेंडली तथा अधिक गुणवत्तापरक सड़कें बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीआरआरआई को सलाहकार एजेंसी के रूप में अपने साथ जोड़ने की तैयारी कर रहा है।

प्राधिकरण अगले दो सप्ताह में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के साथ करार करने जा रहा है। करार हो जाने पर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा।

#### लंबे समय तक चलेगी टाइल्स

प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में फुटपाथ बनाने के लिए पॉलीथिन व अन्य कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का भी इस्तेमाल करेगा।

प्राधिकरण संस्थान को वेस्ट मैटेरियल देगा, जिसके एवज में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सस्ती दरों पर पेवर ब्लॉक टाइल्स उपलब्ध कराएगा। इसका इस्तेमाल ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे फुटपाथ बनाने में किया जाएगा। पेवर ब्लॉक टाइल्स वेस्ट मैटेरियल से बनेंगी। ऐसे में ये पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होंगी। इसकी दरें कम होने से बचत भी होगी। ये टाइल्स लंबे समय तक चलेंगी। इनके रखरखाव पर भी बहुत कम खर्च होगा।

#### ग्रेनो बनेगा देश का पहला शहर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में रोड को चिन्हित कर कम से कम एक-एक मॉडल फुटपाथ बनाने के निर्देश दे दिए हैं। सीआरआरआई ने जानकारी दी है कि वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल अभी तक विदेश में हो रहा है। अगर ग्रेटर नोएडा में इसका इस्तेमाल होता है तो यह देश का पहला शहर होगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की नियोजन विभाग की महाप्रबंधक लीनू सहगल, वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विजय कुमार बाजपेई, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह समेत कई अधिकारी गण मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने सोमवार को कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद के खिलाफ युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि युद्ध तभी समाप्त होता है जब एक पक्ष हार स्वीकार कर लेता है।

स्वैन ने यहां गुरुद्वारा चट्टीपादशाही में एक समारोह से इतर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा, युद्ध तभी समाप्त होता है जब एक पक्ष हार मान लेता है और यह स्वीकार कर लेता है कि रक्तपात से कोई परिणाम नहीं निकलेगा। इसलिए कई बार कुछ नुकसान झेलने के बावजूद आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई से पुलिस के पीछे हटने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा, पीछे हटने का सवाल ही नहीं है।

घुसपैठ के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठ कुछ बिंदु पर बढ़ सकती है और साथ ही इसमें कमी भी आ सकती है। उन्होंने कहा, इस मुद्दे को सार्वजनिक डोमेन में नहीं डाला जाना चाहिए। गुरुपर्व के अवसर पर गुरु नानक देवजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डीजीपी ने कहा कि इस पवित्र अवसर पर, पुलिस लोगों की सेवा करने की अपनी प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करती है, बल्कि लोगों की सेवा के लिए खुद को फिर से समर्पित करने की प्रतिज्ञा लेती है।

डीजीपी ने कहा, गुरु नानक देवजी की शिक्षाएं आज भी बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने समानता और गरीब और अमीर के बीच कोई अंतर नहीं होने का उपदेश दिया है। जाति, रंग और पंथ के बावजूद, गुरुजी की शिक्षाएँ आज भी किसी भी आत्मा को प्रबुद्ध कर सकती हैं। इस अवसर पर, मैं जम्मू-कश्मीर के सिख समुदाय को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

### तेलंगाना में कांग्रेस बनायेगी सरकार : पायलट

हैदराबाद। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने 30 नवंबर को तेलंगाना विधानसभा के होने वाले चुनाव में कांग्रेस के सत्ता में आने को लेकर पूरा भरोसा जताया है। पायलट ने सोमवार को यहां गांधी भवन में मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य में कांग्रेस को लेकर लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गयी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा की तेलंगाना यात्राओं को लेकर बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने बढ़ती बेरोजगारी को चिंता का विषय बताया और कहा कि राज्य के गठन के बाद से तेलंगाना में लोगों की आकांक्षायें पूरी नहीं हुई हैं। उन्होंने सरकार में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया और दावा किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। सरकार में विश्वसनीयता की कमी है और रोजगार सृजन तथा बेरोजगारी को कम करने में पूरी तरह से विफल रही है। कर्नाटक चुनावों की तुलना करते हुये, उन्होंने तेलंगाना में भी इसी तरह के परिणाम की उम्मीद जतायी मतदाताओं से सकारात्मक बदलाव के लिये कांग्रेस का समर्थन करने का आग्रह किया।

# तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आई तो सीएम ओबीसी समुदाय का : मोदी



**नई दिल्ली/महबूबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सत्ता में आनेस पर तेलंगाना में मुख्यमंत्री ओबीसी समुदाय से होगा।

प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के महबूबाबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोग बीआरएस सरकार को हटाने और भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों ही तेलंगाना को विनाश के रास्ते पर ले गए हैं। उन्होंने दोहराया, यह भाजपा का वादा है कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में ओबीसी समुदाय से एक सीएम होगा। केसीआर और बीआरएस के बुरे इरादों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, केसीआर और बीआरएस दोनों ने भाजपा के बढ़ते महत्व को महसूस किया और हमारे साथ गठबंधन करना चाहते थे। लेकिन मोदी कभी भी तेलंगाना के लोगों की इच्छाओं के खिलाफ नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि अब, चूंकि भाजपा ने बीआरएस और केसीआर को खारिज कर दिया है, वे निराश हैं और भाजपा और मेरी लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्ट बीआरएस के साथ गठबंधन नहीं करने की मोदी की गारंटी है। बीआरएस शासित तेलंगाना में शासन की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बीआरएस के फार्महाउस सीएम तेलंगाना की परंपरा और प्रौद्योगिकी की दोहरी पहचान को नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा तेलंगाना को बीआरएस के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार, माफिया शासन और अंधविश्वास से मुक्त कराना अपनी जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने कहा कि जहां बीआरएस को तेलंगाना से बाहर करना महत्वपूर्ण है, वहीं भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# बाहरी छात्रों के धमकी देने के मामले में एसकेयूएएसटी के सात छात्र गिरफ्तार



श्रीनगर। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत की हार के बाद गैर-स्थानीय छात्रों के साथ कथित विवाद को लेकर जम्मू-कश्मीर के शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के सात कश्मीरी छात्रों को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि क्रिकेट कप फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। एसकेयूएएसटी के पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन विभाग के सात छात्रों को एक गैर-स्थानीय छात्र द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज कराने के बाद प्रदेश के गांदरबल जिले में गिरफ्तार किया गया।

शिकायतकर्ता एवं एसकेयूएएसट के छात्र ने कहा कि वह क्रिकेट विश्व कप के फाइनल के दौरान देश का समर्थन कर रहा था और मैच खत्म होने के बाद सात छात्रों ने भारत का समर्थन करने के लिए उसके साथ 'दुर्व्यवहार' किया और 'धमकी' भी दी। शिकायत में कहा गया है, उन्होंने मुझे चुप नहीं रहने पर मुझे गोली मारने की धमकी दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि मैच के बाद कश्मीर के छात्रों ने पाकिस्तान समर्थक नारे भी लगाए। इस घटना के कारण केंद्र शासित प्रदेश पढ़ने वाले बाहर के छात्रों में डर पैदा हो गया। शिकायत के तुरंत बाद गांदरबल थाने में यूएपीए की धारा 13 और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 505 और 506 (सार्वजनिक शरारत और आपराधिक धमकी से संबंधित) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

उधर, एसकेयूएएसटी के एक अधिकारी ने भी गिरफ्तारियों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यह घटना 19 नवंबर को परिसर में एक स्नातक छात्रावास से सामने आई थी और छात्रों को एक दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने दावा किया, छात्रों के बीच झड़प नहीं हुयी थी।

### पत्रकारों पेंशन योजना में एफआईआर वाला प्रावधान सही नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्य में पत्रकारों के लिये बनायी गयी पेंशन नीति की शर्तों में एफआईआर वाले प्रावधान को लेकर आपत्ति जाहिर की है। हुड्डा ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने पत्रकारों पर कथित तौर पर दबाव बनाने और उन्हें पेंशन से वंचित करने के लिए जानबूझकर पेंशन योजना में एफआईआर वाली शर्त जोड़ी है, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी पत्रकार पर एफआईआर है तो उसे पेंशन नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की न्यायिक व्यवस्था कहती है कि महज मामला दर्ज होने से किसी को दोषी नहीं माना जा सकता। ऐसे में पेंशन नीति का यह प्रावधान पूरी तरह गैर-कानूनी है। वैसे भी पेंशन एक सम्मान निधि है जिस पर इस तरह की शर्त नहीं थोपी जा सकती।

# खट्टर ने नाडा साहिब गुरुद्वारे में किया बहुमंजिला पार्किंग का उद्घाटन



पंचकूला। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सोमवार को यहां नाडा साहिब स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे में बहुमंजिला पार्किंग का उद्घाटन किया।

खट्टर ने इस अवसर पर गुरुद्वारे में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और देश और प्रदेशवासियों के कुशलक्षेम की कामना की और सभी को बधायी एवं शुभकामनायें दीं। उनके साथ हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव रमनीक सिंह मान भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देशभर में तीर्थ और धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से प्रसाद योजना चलायी जा रही है। इसी योजना के तहत गुरुद्वारा नाडा साहिब में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण किया गया जिसका शिलान्यास उन्होंने 27 अक्तूबर 2020 को किया था। लगभग 9500 वर्ग मीटर में निर्मित इस पार्किंग के निर्माण पर 12.55 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। इसमें लगभग 300 वाहन पार्क किये जा सकेंगे। गरीब परिवारों की बेटियों के लिये कॉलेजों में निशुल्क शिक्षा की घोषणा को लेकर सवाल पर खट्टर ने कहा कि राज्य में कला, विज्ञान और वाणिज्य के डिग्री कॉलेजों में 1.80 रुपये सालाना आय वाली गरीब परिवारों की बेटियों को निजी कॉलेजों में भी निशुल्क शिक्षा दी जायेगी।

# हमारी सरकार गुरु नानक देव की शिक्षाओं पर चल रही है : केजरीवाल



**धुरी (संगरूर)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने देश भर के पवित्र स्थानों पर लोगों को ले जाने के लिये सोमवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' की शुरुआत की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने यहां श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' की शुरुआत के बाद में जनसभा को संबोधित करते हुये श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार महान गुरुओं के दिखाये रास्ते पर चल कर दिल्ली और पंजाब के लोगों की सेवा कर रही है।

केजरीवाल ने कहा कि आज उन लोगों की सुविधा के लिये महत्वपूर्ण योजना शुरू की जा रही है जो साधनों की कमी या किसी अन्य वजह से पवित्र तीर्थों की यात्रा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पिछले 75 सालों में कभी भी किसी सरकार ने लोगों की सुविधा के लिये यह योजना शुरू नहीं की। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व और संतुष्टि की बात है कि दिल्ली में अब तक 80,000 से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले चुके हैं।

इस योजना पर जो पैसा खर्च किया जा रहा है, पिछली सरकारों द्वारा वही पैसा अपनी मौज-मस्ती पर खर्चा जाता था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य हर क्षेत्र में क्रांति के नये युग की शुरुआत देख रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के मुफ्त इलाज के लिये आम आदमी क्लीनिक खोले गये हैं, राज्य के 20,000 स्कूलों की कायाकल्प की जा रही है और अब यह तीर्थ यात्रा योजना शुरु की गयी है। उन्होंने कहा कि वह खुशकिस्मत हैं कि वह इस मुहिम का हिस्सा बनकर इस योजना की शुरुआत कर रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में इस योजना से जुड़े 80 फीसदी श्रद्धालु औरतें और बुजुर्ग नागरिक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह योजना पंजाब के बुजुर्ग नागरिकों और अन्य को तीर्थ स्थानों के दर्शनों की सुविधा प्रदान करने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी खजाने का एक-एक पैसा आम आदमी की भलायी पर खर्च किया जा रहा है।

# हिमाचल के रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हिमपात




शिमला। हिमाचल में लंबे समय बाद पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से देवभूमि में तापमान गिर गया है। इसके साथ ही मनाली प्रशासन ने रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। रोहतांग जाने के लिए ऑनलाइन परमिट बनाने की साइट भी सोमवार को बंद रही।

प्रदेश में 'येलो अलर्ट' के बीच कुल्लू और लाहौल के रोहतांग दर्रा, कुंजम, बारालाचा, शिंकुला दर्रा, जिंगजिंगबार सहित सीबी रेंज की चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। सरी ओर मनाली-लेह मार्ग पर अटल टनल रोहतांग में भी बर्फ के फाहे गिरे। राजधानी शिमला समेत पूरे प्रदेश में दिनभर बादल छाए रहे। इससे शीतलहर भी बढ़ गई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में छह डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार एक दिसंबर तक प्रदेश के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। मंगलवार से मैदानी जिलों में मौसम साफ रहने के आसार हैं। आगामी दो दिसंबर से राज्य के सभी भागों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। मनाली के पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग पर्यटकों के लिए बंद रहा। पर्यटक सोमवार को गुलाबा से आगे नहीं भेजे गए। पर्यटक मनाली और ऊपरी रिहायशी इलाकों में बर्फबारी में आस में होटलों में ठहरे हुए हैं। खराब मौसम को देखते हुए कुल्लू प्रशासन ने आम लोगों के साथ पर्यटकों को अटल टनल और जलोड़ी दर्रा की तरफ मौसम भांपकर ही आवाजाही करने को कहा है। प्रदेश के किसान-बागवान लंबे समय से बारिश के इंतजार में है। गेहूं की फसल बीजने और बीजी फसल के बारिश फायदेमंद होगी।

मौसम विभाग के शिमला में न्यूनतम तापमान 7.8, सुंदरनगर 8.5, भुंतर 8.2, कल्पा 3.4, धर्मशाला 9.2, ऊना 9.8, नाहन 13.8, पालमपुर 9.0, सोलन 9.0, मनाली 6.9, कांगड़ा 10.6, मंडी 8.3, चंबा 10.0, डलहौजी 8.6, जुब्बड़हट्टी 11.9, कुफरी 7.2, कुकुमसेरी 0.7, नारकंडा 5.6, रिकांगपिओ 6.5, धौलाकुआं 12.8, समधो 2.1, पांवटा साहिब 14.0, सराहन 8.0 और देहरागोपीपुर में 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। डलहौजी में अधिकतम तापमान 13.7, चंबा 19.9, ऊना 21.2, नाहन 21.4, मनाली 19.2, कुकुमसेरी 10.2, केलांग 7.9, धर्मशाला 20.0, कांगड़ा 21.7, सेऊबाग 14.0, सुंदरनगर 19.1, बरठीं 20.5, कल्पा 10.8, बरठीं 20.5, नारकंडा 9.3, रिकांगपिओ 15.3, शिमला 13.6, कुफरी 9.0, जुब्बड़हट्टी 17.2 और सोलन में 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### विशाखापत्तनम में भालू ने चिड़ियाघर के रखवाले को कुचला, मौत

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम चिड़ियाघर में सोमवार को हुई एक चौंकाने वाली घटना में, रखरखाव के लिए बाड़े में घुसने पर एक भालू ने एक चिड़ियाघर के रखवाले को कुचलकर मार डाला। चिड़ियाघर की निरीक्षक नंदिनी सलारिया ने मीडिया से कहा कि मृतक बनावारापु नागेश (23) दो वर्षों से विशाखापत्तनम चिड़ियाघर में काम कर रहा था।

# दो सड़कों का भूमि पूजन, 32 करोड़ होंगे खर्च

शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत लगभग 32 करोड़ रूपए की 2 सड़कों का भूमि पूजन किया।

उन्होंने सावडा हाटकोटी कैंची में सावडा-कठासू-बटाड गलू सम्पर्क मार्ग के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। सड़क के स्तरोन्नत कार्य पर लगभग 19 करोड़ 13 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने अंटी-सभार सड़क के स्तरोन्नत कार्य का भूमि पूजन किया। इस सड़क के स्तरोन्नत कार्य पर लगभग 12 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनो सड़कों के स्तरोन्नत कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के लोग एवं बागवान अवश्य रूप से लाभान्वित होंगे।

शिक्षा मंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर के स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम ब्लॉक की आधारशिला रखी। शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण कार्य लगभग 3 करोड़ रुपए से पूर्ण किया जाएंगा। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से महाविद्यालय में शुरू हुए नए 6 विषय के छात्रों को लाभ मिलेगा। 6 विषयों में स्नातकोत्तर में हिंदी, इंग्लिश एवं एमकॉम, स्नातक में समाजशास्त्र एवं बी वॉक के रिटेल मैनेजमेंट तथा टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी विषय शामिल है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का भविष्य इस महाविद्यालय के हाथ में है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
मंगलवार 28 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### राजधानी में धूमधाम से मनाया गया गुरु पर्व

नई दिल्ली। राजधानी में सोमवार को गुरु पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में सिख समुदाय व अन्य वर्ग के श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारों में जाकर मत्था टेका। नई दिल्ली स्थित बंगला साहिब और रकाब गंज गुरुद्वारे में सबसे अधिक भीड़ रही। इन दोनों गुरुद्वारे में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां पर सिख युवकों ने दस्तार बांधने की शुरुआत भी की। राजधानी स्थित तमाम सिख बहुल इलाकों में सोमवार की सुबह से ही गुरु पर्व दी लख-लख बधाई हौवे देने की शुरुआत हुई और शाम तक यह सिलसिला जारी रहा। बंगला साहिब गुरुद्वारे में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु मत्था टेकने और पवित्र सरोवर में स्नान करने के लिए आने शुरू हो गए थे और देर शाम तक आते रहे। दोपहर के समय श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ होने से अशोक रोड, खड़ग सिंह मार्ग, पंत मार्ग, काली बाड़ी रोड पर जाम लग गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में मोमबत्ती जलाई और मिठाई-फल बांटे। गुरुद्वारे में पूरे दिन कीर्तन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भी हिस्सा लिया। दूसरी ओर विभिन्न इलाकों में सिंह सभाओं ने नगर कीर्तन निकाला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारों और अन्य जगह लंगर भी वितरित किया।

### 116 वीं जयंती पर मधुशाला के रचियता कवि स्वर्गीय श्री हरिवंश राय बच्चन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में प्रख्यात हिंदी कवि, लेखक, साहित्यकार और.शिक्षाविद् , पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय श्री हरिवंशराय बच्चन.की 116 वीं.जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि हरिवंशराय जी आशावादी सोच के साहित्यकार थे। उनकी रचनाओं में मानवीय संवेदनाओं का इंद्रधनुष नजर आता है। बच्चन जी की मधुशाला हिंदी काव्य जगत की कालजयी कृति है। उनकी काव्यकृति मधुकलश, निशा निमंत्रण, हलाहल, उमर खय्याम की रुबाइयां भी पाठकों का ध्यान आकर्षित करती हैं। दो चट्टानें के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार तदनंतर उन्हें सोवियत लैंड पुरस्कार, बिरला फाउंडेशन का सरस्वती सम्मान से सम्मानित किया गया। सरकार द्वारा भी उनकी साहित्य ओर.शिक्षा के क्षेत्र में की गई सेवाओं के लिए पद्म भूषण से अलंकृत किया।

### 27 सालों तक लगातार चलेगा यज्ञ

गाजियाबाद। गाजियाबाद के डासना में स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर यज्ञ शुरू हुआ। यह यज्ञ लगातार 27 साल तक चलेगा। यज्ञ में मां बगलामुखी को प्रसन्न करने के लिए आहुति डाली जाएगी। मंदिर के महंत और महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर डॉक्टर भीष्म कपूर और आचार्य दीपक तेजस्वी ने सम्पूर्ण विधि विधान के साथ 27 वर्षीय मां बगलामुखी व कोटि चण्डी महायज्ञ का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मां बगलामुखी और महादेव की शरण में आकर ही सनातन धर्म और सम्पूर्ण मानवता की रक्षा का लक्ष्य सम्भव है। महामंडलेश्वर ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा, सनातन धर्म के मानने वालों के घर परिवार सहित उनके अस्तित्व की रक्षा, सनातन धर्म के शत्रुओं का विनाश और श्रद्धालु भक्तगणों की समस्त मनोकामना की पूर्ति हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया है। साथ ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री महन्त स्वामी हरिगिरि जी महाराज, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रेम गिरी जी महाराज व अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी नारायण गिरी जी महाराज के मार्गदर्शन और स्वमं महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के संकल्प से 27 वर्षीय मां बगलामुखी व कोटि चण्डी महायज्ञ आरम्भ हुआ है। महायज्ञ में सहदेव भगत ,यति रणसिंहानन्द ,यति कृष्णानंद ,यति सत्यदेवानंद ,यति निर्भयानंद ,यति रामस्वरूपानंद ,यति सत्यानंद सहित अनेक संतो ने भाग लिया।

### 50 हजार के इनामी बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने 13 साल से फरार 50 हजार के इनामी बदमाश को बिहार से गिरफ्तार किया है। यह बदमाश अपना नाम बदलकर अब तक छिपता रहा। साल 2010 में इसने अपने अन्य चार साथियों के साथ गाजियाबाद में ट्रक लूट को अंजाम दिया था। गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र में 5 अक्टूबर 2010 में सामान समेत एक ट्रक लूट लिया था। ट्रक के मालिक रणवीर सिंह ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया था। दर्ज मुकदमे में बताया गया था कि कुछ बदमाश ड्राइवर और कंडक्टर को नशीला पदार्थ सुंघाकर ट्रक जिसमें सामान लदा हुआ था। उसको लूट कर ले गए थे। पुलिस छानबीन में इस मामले में कुल पांच बदमाशों का नाम सामने आया था। जिन में से चार बदमाशों को तभी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। लेकिन एक बदमाश साहिब आलम तब भी फरार था। गाजियाबाद पुलिस ने साहिब आलम को 13 साल बाद थाना रक्सौल जिला मोतीहारी बिहार से गिरफ्तार किया है। साहिबाबाद थाना प्रभारी अजय चौधरी के मुताबिक साहिब आलम के कुर्की आदेश के साथ चार्जशीट लगा दी गई थी। पुलिस लगातार इसकी तलाश कर रही थी। लेकिन यह नाम बदलकर अलग-अलग जगह रह रहा था। साहिब आलम मुख्य रूप से पूर्वी चंपारण बिहार का रहने वाला है।

### नोएडा पुलिस पर हमले का एक आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** नोएडा पुलिस पर हमले के मामले में गाजियाबाद की मसूरी थाना पुलिस ने एक आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हमलावरों के दो वाहन बरामद किए हैं, जिसमें एक अल्टो कार और दूसरा ट्रैक्टर है। पुलिसकर्मियों की जिस पिस्टल को ग्रामीणों द्वारा लूटा जाना बताया गया था, वो घटनास्थल पर ही झाड़ियों में पड़ी मिल गई है। हालांकि एक हेड कांस्टेबल का मोबाइल अभी गुम बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। नोएडा के थाना सेक्टर-63 में तैनात सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार, कांस्टेबल कपिल डबास और वरुण कुमार फिलहाल छ्ष्टक्क्सेंट्रल नोएडा की स्वाट टीम में हैं। सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार के अनुसार, वे थाना सेक्टर-63 के गैंगस्टर आशीष त्यागी और एक गुमशुदा मोबाइल की तलाश के सिलसिले में 26 नवंबर को गाजियाबाद में मसूरी थाना क्षेत्र के गांव मसौता में जा रहे थे। गांव के बाहर रजवाहे की पुलिया पर पहुंचे तो वहां एक अल्टो कार खड़ी थी। उसमें चार लोग बैठे थे। पुलिसकर्मियों ने कार हटाने के लिए कहा तो वो अल्टो से उतर आए और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने कुछ गांववालों को भी बुला लिया। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों की गाड़ी तोड़ दी। मारपीट में सब इंस्पेक्टर राहुल को चोटें आईं, जबकि हेड कांस्टेबल वरुण्सा कुमार बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।

### श्रद्धालुओं ने गंगनहर में लगाई डुबकी

मोदीनगर। मोदीनगर में कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली पर सोमवार सुबह से ही गंगनहर पर श्रद्धालुओं को सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने गंगनहर में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की। इसके चलते दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दिन भर जाम जैसी स्थिति बनी रही। मुरादनगर स्थित गंगनहर पर शनि मंदिर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली पर सोमवार सुबह चार बजे से ही गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालु आने शुरू हो गए। शनि मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी ने बताया कि सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु आने शुरू हो गए, जो देर रात आते रहे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने नहर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया और पूजा अर्चना भी की। उन्होंने बताया कि दिल्ली ,नोएडा ,मेरठ ,बागपत ,मोदीनगर ,गाजियाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आए है। उन्होंने बताया कि एक अनुमान के तहत 50 हजार से अधिक लोगों ने गंगनहर में डुबकी लगाई है। इस दौरान गंगनहर व उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम रखे है। घाट पर सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक गोताखोरों को अलर्ट पर रखा गया।

# धुंध की चादर में डूबी दिल्ली, कई स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** (पी एम ए) सोमवार की सुबह दिल्ली में स्मॉग छाया रहा, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के कई निगरानी स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में आ गई।



सीपीसीबी के अनुसार, आनंद विहार स्टेशन पीएम 10 421 और पीएम 2.5 के साथ गंभीर श्रेणी में था, जबकि ओजोन मध्यम श्रेणी में 190 तक गिर गया और सीओ 95, संतोषजनक स्तर पर था।

बवाना स्टेशन पर पीएम 2.5 432 पर पहुंच गया, जो गंभीर श्रेणी में है और पीएम 10 366 पर है, जो बहुत खराब श्रेणी में है, जबकि ओजोन मध्यम श्रेणी में 190 तक गिर गया और सीओ 95, संतोषजनक स्तर पर था।

द्वारका सेक्टर-8 स्टेशन में पीएम 2.5 425 पर पहुंच गया और पीएम 10 405 पर, दोनों गंभीर श्रेणी में जबकि सीओ 110 पर, मध्यम स्तर पर था।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे टी3 क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब थी, पीएम 2.5 372 और पीएम 10 316 दर्ज किया गया, जबकि सीओ 111 पर गिरकर मध्यम श्रेणी में आ गया और एनओ2 20 पर, अच्छे स्तर पर था।

आईटीओ स्टेशन पर, पीएम 2.5 गिरकर 500 पर और पीएम 10 435 पर था, दोनों गंभीर श्रेणी में थे, जबकि एनओ2 290 पर पहुंच गया, जो खराब श्रेणी में था।

जहांगीरपुरी में पीएम 2.5 451 दर्ज किया गया और पीएम 10 435 तक पहुंच गया, जो दोनों को गंभीर श्रेणी में रखता है। यहां कार्बन मोनोऑक्साइड 82 पर संतोषजनक स्तर पर और एनओ2 18 पर अच्छी श्रेणी में था।

ओखला फेज-2 में पीएम 2.5 427 दर्ज किया गया, जबकि पीएम 10 418 तक पहुंच गया, जो दोनों को गंभीर श्रेणी में रखता है। एनओ2 मध्यम श्रेणी में 107 पर पहुंच गया और सीओ संतोषजनक स्तर पर 92 पर था।

विशेष रूप से, शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा माना जाता है, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद दो शार्पशूटर गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में मुठभेड़ के बाद दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हुआ है।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को एक गायक की हत्या करने का काम सौंपा गया था, जिसके लिये उन्होंने इस साल अक्टूबर में भटिंडा में एक प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सके, क्योंकि गायक घर पर नहीं मिला।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान राजप्रीत सिंह (25) उर्फ राजा और वीरेंद्र सिंह (22) उर्फ विम्मी के रूप में हुई है। ये दोनों अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ दल्ला के शार्पशूटर हैं। उन्हें मयूर विहार इलाके में समाचार अपार्टमेंट के सामने अक्षरधाम मंदिर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कियागया।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों के पास से छह कारतूस के साथ एक .45 मिमी रिवॉल्वर और सात कारतूस के साथ एक .30 मिमी पिस्तौल, एक हथगोला और एक चोरी की बाइक बरामद हुयी है।

इस सिलसिले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 186/353/307/34, 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 25/27 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## सेंट्रल नोएडा में अमरूद खिलाकर चार-माह के बच्चे का व्यपहरण

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में एक चार माह के बच्चे के व्यपहरण का मामला सामने आया है। जहां एक आरोपी चार माह के बच्चे को ऑटो में बिठाकर ले गया । उस समय वह बच्चा अपने 8 वर्ष के बड़े भाई के साथ था। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर बच्चों की तलाश में जुटी हुई। रविवार शाम को बिसरख थाने पर एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसके चार माह के बच्चे को कोई अनजान व्यक्ति लेकर चला गया है। इस सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और जांच पड़ताल में जुट गई। दरअसल, वादी मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और वह ग्रेटर नोएडा में रहकर मजदूरी का काम करता है। वादी के अनुसार वह काम पर गया था। उसका पुत्र उम्र 8 वर्ष अपने छोटे भाई उम्र 04 माह को गोद में लिए था। उसी दौरान एक अनजान व्यक्ति उसके पास आया और उसे अमरूद खिलाकर और 20 रुपए देकर समोसा लाने के लिए बोलकर उस मासूम बच्चे को लेकर आटो में बैठकर चला गया। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा तो बड़े बेटे ने इस बारे में अपने पिता को बताया। इसके बाद इन लोगों ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से मामले में मुकदमा दर्ज किया और चार टीम का गठन करके बच्चों की तलाश शुरू कर दी है । पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीवी के माध्यम से ऑटो और आरोपी के बारे मे पता लगाने का लगातर प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस कस्टडी में हुई युवक की मौत, परिजनों ने पिटाई का लगाया आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली में आदर्श थाना पुलिस की हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई के कारण मौत का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि दो लोगों के झगड़े में युवक बीच-बचाव करने गया था। इस दौरान पुलिस ने उशे डडा मारकर भगाया। विरोध करते हुए युवक वीडियो बनाने लगा, जिस पर पुलिस उसे खींचकर थाने ले गई। पुलिस कस्टडी सोमवार सुबह युवक की मौत ह गई। मृतक की पहचान सूर्य प्रकाश के रूप में हुई है। हालांकि मामले ने एसडीएम द्वारा जांच की जा रही है।

शराब के बाद जल घोटाले में घिरी आप

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र; सीबीआई जांच की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली जल बोर्ड में घोटाले को लेकर केजरीवाल सरकार को घेरा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता के दौरान एक और बड़े घोटाले का दावा किया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भ्रष्टाचार केजरीवाल की गारंटी है। जल बोर्ड में घोटाला किया जा रहा है। ठेके का पैसा बढ़ेगा तो लूट तो मचेगी। वहीं, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अलावा सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

प्रेस वार्ता के दौरान गौरव भाटिया ने कहा कि भ्रष्टाचार का कोई पर्याय है, घोटालों के लिए कोई जाना जाएगा। लूट का कोई एक्सपर्ट, कमीशन खोरी में कोई एक्सपर्ट है तो वह दिल्ली सरकार है। क्राइम मास्टर गोगो अरविंद केजरीवाल जी पूछते हैं मेरी कमीशन क्या है। दिल्ली जल बोर्ड में जो घोटाला हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण को लेकर घोटाला हुआ है। जिसमें दो काम होने थे एक अपग्रेडेशन और दूसरा अपग्रेडेशन के साथ क्षमता को बढ़ाना। जिसकी लागत 900 करोड़ के आस पास थी। इसके लिए ठेकेदारों को ठेके भी दिए गए। लेकिन किस तरह से एस्टीमेटेड कॉस्ट को गलत लगाया और करीब 1500 करोड़ का बताया हुआ है। वहीं, भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड से जुड़ा एक घोटाला सामने आया है। 10 एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) को दो कैटेगरी में बांटा गया है। पहली कैटेगरी में सिर्फ अपग्रेडेशन का काम होना था और दूसरी कैटेगरी में भी अपग्रेडेशन का काम होना था। इसकी अनुमानित लागत 1,500 करोड़ रुपये थी, लेकिन 2022 में दिल्ली जल बोर्ड ने ठेके दिए, जिनकी कुल कीमत लगभग 1,938 करोड़ रुपये थी। अगर भारत में कोई राजनेता है, जिसे भ्रष्टाचार की कला में महारत हासिल है।

# इस साल ट्रेड फेयर में 10 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे

**नई दिल्ली।** इस बार ट्रेड फेयर में 10 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे। सोमवार को गुरु पूर्णिमा की छुट्टी होने के कारण करीब एक लाख से ज्यादा लोगों ने मेला देखा। आखिरी दिन हॉल आठ से 12 में प्राइवेट कंपनियों के उत्पादों पर 60 फीसदी तक छूट मिली। लोगों ने फुटवियर, घड़ियां, चश्मे, सुबह सैर करने के लिए कपड़े, सजावट के सामान, सूट, दुपट्टे, घर के लिए सजावट के सामान, एरोमा ऑइल, परफ्यूम इत्यादि की खरीदारी की। दोपहर को दो बजे से ही हॉल में भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि लोगों के चलने के लिए जगह नहीं बची, फिर भी लोगों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। खाने-पीने के सामानों की भी खूब बिक्री हुई। केरल के मसालों की खूब खरीदारी हुई।

आखिरी दिन दुकानदारों को मजबूरन ये कहना पड़ा कि मसाले खत्म हो गए। सबसे ज्यादा बिक्री काली मिर्च, लौंग, इलायची और नारियल तेल की हुई।



शाम चार बजे तक पवेलियन में ये उत्पाद खत्म हो गए। यही हाल कश्मीरी कहवे का रहा। जम्मू कश्मीर पवेलियन में करीब छह स्टॉल कहवा बेचने के लिए थे, शाम तक केवल एक स्टॉल पर दो-चार पैकेट ही बचे।

### लोकल उत्पादों की जमकर बिक्री

मेले में लोकल उत्पादों की जमकर बिक्री हुई। यूपी पवेलियन में गाजियाबाद के दूध, दही, छाछ, घी, मिल्क शेक की जमकर बिक्री हुई। इसी तरह हॉल आठ में अनंदा कंपनी के दूध, मक्खन, लस्सी, जलेबी, दूध से निर्मित दूसरी मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। देर शाम तक इनके उत्पाद पवेलियन में बिक्री के लिए पहुंचते रहे।

### छोटे बच्चों को ट्रॉली में लेकर घूमते रहे मेला

मेले में बहुत से माता-पिता अपने छोटे बच्चों को पालने वाली ट्रॉली (प्रैम) में लेकर घूमते नजर आए। बुजुर्गों ने भी मेले में आकर समय बिताया और खरीदारी भी की।

लोगों ने पसंदीदा राज्यों के फूड कोर्ट को ढूंढकर खाना खाया। फूड कोर्ट में भीड़ ज्यादा थी तो खाली जगहों पर, घास पर बैठकर कहीं भी खा लिया। थकने पर पवेलियन में ही कहीं किनारे बैठकर सुस्ता लिया और थोड़ी देर बाद फिर से मेला घूमने निकल पड़े। प्रगति मैदान के आसपास के बस स्टैंड पर जबरदस्त भीड़ रही।

लोगों को बस पकड़ने के लिए इंतजार करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर भी भारी भीड़ रही।

### पिछले साल के मुकाबले दो लाख ज्यादा भीड़

आईटीपीओ के मेला विभाग के उप महाप्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस साल करीब दो लाख ज्यादा लोग आए। पिछले साल करीब आठ लाख लोग ट्रेड फेयर पहुंचे थे। इस साल आगंतुकों का सटीक आंकड़ा एक-दो दिन में आएगा, लेकिन मोटे तौर पर ये माना जा सकता है कि करीब 10 लाख लोग 14 दिन में मेला देखने पहुंचे।

## लाउडस्पीकर को लेकर नोएडा पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

### 188 लाउड स्पीकर किए गए चेक, 17 लाउडस्पीकर उतरवाए

गौतम बुद्ध नगर। पुलिस कमिश्नर गौतम बुध नगर में लाउडस्पीकर व ध्वनि यंत्र के संबंध में विशेष अभियान चलाया गया। सुबह 5: 00 से लेकर 7: 00 तक यह अभियान चला जहां पर धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को पुलिस ने जाकर चेक किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में कुल 188 लाउडस्पीकर चेक किए गए।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार तीनों जोन में सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर व ध्वनि यंत्र को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार सुबह 05 बजे से 07 बजे तक सभी जोन में यह अभियान चला ।इस दौरान पुलिस ने दो घण्टे सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर ध्वनि यंत्र को चेक किया। इस दौरान पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए 188 धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर चैक किये । जिनमें 47 लाउड स्पीकर की आवाज मानक के अनुरूप करायी गयी तथा 17 लाउडस्पीकर को धार्मिक स्थलों से उतरवाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 17 लोगो को नोटिस भी दिया गया और 21 लोगो के विरूद्ध धारा 107/116 के अंतर्गत सीआरपीसी की कार्रवाई की गई।

नोएडा के एडिशनल डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि लाउडस्पीकर को लेकर विशेष अभियान चलाया गया था । जिसके तहत सुबह 5: 00 से लेकर 7: 00 तक धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर को चेक किया गया। इस दौरान 188 धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर चेक किए गए। 17 लाउडस्पीकर को इस दौरान उतरवाया भी गया है।

छात्रों को ड्रग्स सप्लाई करने वाले गिरोह का खुलासा

## नामी यूनिवर्सिटी के चार स्टूडेंट्स भी हुए गिरफ्तार, थाईलैंड से जुड़े हैं तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 126 पुलिस टीम ने कॉलेज, यूनिवर्सिटी और अन्य शैक्षिक संस्थानों में ड्रग्स सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 शातिर ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को इनके पास से भारी मात्रा में देशी विदेशी ड्रग्स बरामद हुआ है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीबन 25 लाख रुपये है।

पुलिस के मुताबिक इस गैंग का मुख्य सरगना अक्षय है। उसकी पत्नी थाईलैंड में रहकर नौकरी करती है। अक्षय थाईलैंड से ह्ल्ल नामक ड्रग्स को यहां सप्लाई करता है। जबकि दूसरा आरोपी राजस्थान निवासी नरेंद्र राजस्थान से देशी गांजे को सप्लाई करता है।

इस गैंग ने अपने साथ नामी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले कुछ छात्रों को भी आपके साथ जोड़ रखा है।

जिसके सहारे ये लोग कॉलेज और यूनिवर्सिटीज के छात्रों ड्रग्स सप्लाई करते थे। जब छात्रों का डिमांड आता तब मादक पदार्थों के डिलीवरी के



लिए प्राइवेट राइडर तैयार किये जाते थे।

### एक पार्सल के 7-8 हजार रुपये लिया करते थे

पकड़े गए आरोपियों में से आरोपी सागर नामी निजी यूनिवर्सिटी में MBA का छात्र है। वहीं दूसरा आरोपी आदित्य भी उसी यूनिवर्सिटी में BA LLB का छात्र है। जबकि दो अन्य आरोपी भी उसी यूनिवर्सिटी में छात्र हैं। ये चारो आरोपी छात्र अपने यूनिवर्सिटी के साथ नोएडा के अलग अलग शैक्षिक संस्थानों में छात्र छात्राओं को मादक पदार्थ सप्लाई करते थे।

जिसके लिए ये लोग स्नैपचैट, टेलीग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से अलग अलग लोगों से ड्रग्स मंगवाते थे। इसके द्वारा ड्रग राइडर से इसलिए सप्लाई करवाया जाता था ताकि लगे कि अमेजन या फ्लिपकार्ट से कोई पार्सल आया हो, ये सभी एक पार्सल के 7-8 हजार रुपये लिया करते थे।

### एक नाइजीरियन मूल का निवासी भी है

पुलिस अब तक इस गैंग के 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने अक्षय, राजन, दर्शन, आदित्य, सतेंद्र, सागर, अनित, अपूर्व व नरेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। वहीं चार आरोपियों को पुलिस ने फरार बताया है।

जिसमें एक नाइजीरियन मूल का निवासी भी है। बताया जा रहा है नाइजीरियन मूल के निवासी से भी ये लोग गांजा लिया करते थे। पुलिस अब इन चारों की तलाश में जुट गई है।

## सिद्ध बाबा के वार्षिक उत्सव पर रक्त दान कैम्प व भण्डारे का आयोजन किया गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गांव पीरागढ़ी में प्राचीन सिध्द बाबा मंदिर व एतिहासिक बावडी पर सिध्द बाबा के वार्षिक उत्सव पर रक्त दान कैम्प व भण्डारे का आयोजन किया गया ।सिध्द बाबा मंदिर व बावडी की मान्यता आसपास के गांवो में भी है ।वहां के लोग भी कीर्तन करते हुए यहां आकर स्नान व प्रसाद वितरण करते हैं।

मंदिर के प्रधान महाबीर प्रसाद ने बताया कि आज मेले में पीरागढ़ी गांव के साथ आसपास के गांवो के हजारो की संख्या में लोगो की उपस्थिति रही ओर भजन कीर्तन का आनंद व प्रसाद लिया।

इस मौके पर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख



थान सिंह यादव व पंच प्रमुख विनोद शौकिन ने कहा कि आज भी गांवो के लोग अपनी धरोहर को संजोए हुए है ।ओर गांव देश के लिए खेतो के लिए किसान व देश की सीमा के लिए जवान देते है ।ओर अपने सांस्कृतिक,सामाजिक कार्यक्रमो के साथ साथ देश के विकास के लिए काम करते है। दूसरी ओर दिल्ली देहात व गांवो को नगर निगम प्रशासन हाउस टैक्स को लेकर सीधे तौर पर जेल भेजने की धमकी दे रहा ।जिस पर सभी राजनैतिक दल चुप्पी साधे हुए है। जिसको दिल्ली गांवो की सर्व खाप व दिल्ली पंचायत संघ गांवो के खिलाफ षडयंत्र मान रही है जो कतई बर्दाश्त नही होगा।

इसमें काफी गांवो की पंचायतों के प्रमुख ने भी बाबा के सामने नतमस्तक हुए ।इसमें विधायक- रघुवींद्र शौकिन, पूर्व विधायक मनोज शौकिन,पार्षद मनदीप शौकिन,पूर्व पार्षद विनय रावत आदि शामिल हुए।

## गौतम बुद्ध नगर में बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में बिसरख पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया ,वही एक बदमाश मौके से फरार हो गया।

मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पकड़े गए बदमाश पर एक दर्जन से ज्यादा लूट के मुकदमे दर्ज हैं।

दरअसल, मुखबिर द्वारा बिसरख पुलिस को सूचना मिली कि शातिर लुटेरे किसी लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में घूम रहे है। इसी सूचना पर थाना बिसरख पुलिस द्वारा बिसरख चौक पर चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान एक पल्सर मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति नहीं रुके और तमंचा दिखाकर भागने लगे। जिसपर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया।

# संपादकीय



## नई सोच की दिशा में

राजनीति, एक ऐसा क्षेत्र है जो हमारे समाज को निर्वासित करने वाले एक महत्वपूर्ण पहलुओं का संवेदनशीलता से भरा हुआ है। इसका सही और सजीव प्रबंधन हमारे राष्ट्र की सराहनीय प्रगति में मदद कर सकता है, लेकिन आजकल के परिप्रेक्ष्य में, राजनीति को लेकर उच्च स्तर की चिंता और विचारशीलता की जरुरत है।

### राजनीति में निगरानी की कमी

आधुनिक भारत में राजनीति के क्षेत्र में गुणवत्ता की कमी एक चुनौतीपूर्ण समस्या बन गई है। चुनावी प्रक्रिया में धाराप्रवाह, भ्रष्टाचार, और आत्मविश्वास से भरी नीतियों की अभाव से हमारी राजनीतिक प्रणाली अधिकांश लोगों के विश्वास को हानि पहुंचा रही है। इसमें नेताओं के बीच टूटे हुए संबंध, भ्रष्टाचार, और लालच का बोझ बढ़ाता है।

### चुनावी प्रक्रिया में सुधार

हमें चुनावी प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। इसमें सशक्त निगरानी, भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई, और उम्मीदवारों की क्षमता और योग्यता का पूर्ण जाँच-परख होना चाहिए। चुनावी प्रक्रिया में सुधार करके हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे नेता जनता की आवश्यकताओं को समझते हैं और सार्वजनिक हित में योजनाएं बना रहे हैं।

### नीतियों में समझदारी

राजनीतिक नेता और दलों को चाहिए कि वे नीतियों को समझदारी और दूरदृष्टि से बनाएं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नीतियाँ सार्वजनिक हित में हों और उनका पूरा लाभ समाज को मिले। विवादास्पद नीतियों और दलाली वाली स्वार्थपरता से बचने के लिए नेता और दलों को यह जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

### नागरिक सहभागिता का महत्व

राजनीति में सुधार के लिए नागरिक सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जनता को अपने हकों और कर्तव्यों का सही से अधिकार और जागरूकता होना चाहिए, ताकि वह सकारात्मक परिवर्तन में सहायक हो सके।

### समापन

राजनीति हमारे राष्ट्र का निर्माण करने का माध्यम है, और इसे सही दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी हम सभी को साझा करनी चाहिए। हमें नीतियों में सुधार, नेताओं में ईमानदारी और जनता की सहभागिता को बढ़ावा देने की जरुरत है। राजनीति को नए सोच की दिशा में लेकर हम सभी मिलकर एक सशक्त, समृद्धि से भरा और न्यायपूर्ण भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।



## तकरार में दिल्ली सरकार

दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय भी अब दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच के रोज-रोज के झगड़ों से तंग आ चुका है। मगर मुश्किल यह है कि केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल के जरिए दिल्ली सरकार पर हर तरह से नकेल कसने का कानूनी इंतजाम कर रखा है।

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार का फिलहाल कोई अंत नजर नहीं आता। सरकार के हर कदम पर उपराज्यपाल की ओर से अवरोध सामने आता है और फिर दिल्ली सरकार अदालत का दरवाजा खटखटाने चली जाती है। मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर अब एक बार फिर दोनों के बीच का टकराव अदालत तक पहुंचा है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसका समाधान सुझाते हुए केंद्र सरकार और उपराज्यपाल से कहा है कि वे पांच अधिकारियों के नाम दिल्ली सरकार को सुझाएं, ताकि वह उनमें से किसी एक को मुख्य सचिव के रूप में चुन सके।

इस तरह बुधवार तक नए मुख्य सचिव के नाम की घोषणा हो सकती है। इस मामले की सुनवाई करते हुए एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने पूछा कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री राजनीतिक कलह से ऊपर उठ कर, आमने-सामने बैठ कर ऐसी समस्याओं का समाधान क्यों नहीं निकाल सकते। आप लोग हमें कोई ऐसा तरीका सुझाएं, जिससे सरकार चलाई जा सकती है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय भी अब दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच के रोज-रोज के झगड़ों से तंग आ चुका है। मगर मुश्किल यह है कि केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल के जरिए दिल्ली सरकार पर हर तरह से नकेल कसने का कानूनी इंतजाम कर रखा है।

वर्तमान मुख्य सचिव का कार्यकाल इस महीने खत्म हो रहा है। उनकी जगह नए सचिव की नियुक्ति होनी है। दिल्ली सरकार ने वर्तमान मुख्य सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं और उससे संबंधित रपट भी उपराज्यपाल के पास भेजी है। हालांकि उपराज्यपाल ने रपट को राजनीतिक दुराग्रह से तैयार की हुई बताते हुए उस पर कोई कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

दिल्ली सरकार को लग रहा था कि केंद्र सरकार कहीं वर्तमान मुख्य सचिव का कार्यकाल न बढ़ा दे। इसलिए उसने अदालत में गुहार लगाई कि चूंकि नए दिल्ली सेवा कानून को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है, इसलिए बिना दिल्ली सरकार से सुझाव लिए मुख्य सचिव के कार्यकाल में विस्तार या फिर नए मुख्य सचिव की नियुक्ति नहीं की जा सकती। नए कानून के मुताबिक मुख्य सचिव की नियुक्ति का अधिकार उपराज्यपाल को है।

हालांकि जब यह नियम नहीं था, तब भी मुख्य सचिव की नियुक्ति में उपराज्यपाल की ही मर्जी चलती थी। इससे पहले दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग के प्रमुख की नियुक्ति के मामले में भी सर्वोच्च न्यायालय को जुलाई में दखल देना पड़ा था। तब भी अदालत ने यही कहा था कि ऐसे मामलों को उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को मिल-बैठ कर क्यों नहीं सुलझाना चाहिए।

यों जबसे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तभी से उपराज्यपाल और सरकार के बीच तकरार की स्थिति बनी रहती है। इसके पहले भी जो उपराज्यपाल आए, उनके साथ दिल्ली सरकार का तालमेल ठीक नहीं रहा। इसे लेकर दिल्ली सरकार ने अदालती लड़ाई भी लड़ी। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि चुनी हुई सरकार को ही नीतियों से संबंधित फैसले करने का अधिकार है। उपराज्यपाल को उसमें दखल देने का कोई अधिकार नहीं है।

तब केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी कर सरकार की सारी शक्तियों को उपराज्यपाल में केंद्रित कर दिया। फिर उसे कानूनी जामा भी पहना दिया गया। हालांकि इसे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध उठाया गया कदम बताते हुए चुनौती दी गई है। मगर इसके बाद से दोनों के बीच तकरार कुछ अधिक तीखा हो गया है। इसका असर दिल्ली सरकार की सेवाओं और आखिरकार जनसामान्य पर पड़ रहा है।

# कांग्रेस से इतने नाराज़ क्यों नज़र आते हैं ,प्रधानमंत्री ?

श्रवण गर्ग



तेलंगाना के साथ संपन्न होने जा रहे पांच राज्यों के चुनाव नतीजे चाहे जैसे निकलें,एक बात तय मानकर चल सकते हैं कि तीन दिसंबर के तत्काल बाद प्रारंभ होने वाले लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान विपक्षी दलों(यहाँ गांधी परिवार ही पढ़ें) के ख़िलाफ़ सत्तारूढ़ दल भाजपा के हमलों की आक्रामकता पराकाष्ठा पर पहुँचने वाली है।

विधानसभा चुनावों में भाजपा के धुआँधार प्रचार के दौरान देश की जनता ने प्रधानमंत्री के भाषणों में कांग्रेस के प्रति जिस तरह के क्रोध और वैचारिक हिंसा से भरे शब्दों से साक्षात्कार किया उसे लोकसभा चुनावों की रिहर्सल भी माना जा सकता है। चुनावों में पड़े मतों की तीन दिसंबर को होने वाली गिनती में सत्तारूढ़ दल को अगर उसकी 'अंदरूनी' उम्मीदों के मुताबिक़ भी कामयाबी नहीं हासिल होती है तो पार्टी में व्याप्त होने वाली निराशा उसकी विभाजन की राजनीति की धार को और तेज कर सकती है।

प्रधानमंत्री द्वारा राज्यों के चुनाव भी स्वयं का चेहरा ही सामने रखकर लड़ने की रणनीति को लोकसभा चुनावों के लिए व्यक्तिगत लोकप्रियता और जनता के बीच अपनी स्वीकार्यता पर प्रारंभिक जनमत-संग्रह भी माना जा सकता है। पाँचों राज्यों की आबादी भी लगभग पच्चीस करोड़ है और वे उत्तर-पूर्व (मिज़ोरम) से पश्चिम और दक्षिण(तेलंगाना) तक फैले हुए हैं। आत्मविश्वास से भरा एक ऐसा राजनेता जिसने पहले से घोषणा कर रखी हो कि लालक़िले से अगले साल भी तिरंगा वही फहराने वाला है ,विधानसभा चुनावों में पार्टी की पराजय को लोकसभा चुनावों के दौरान अपनी व्यक्तिगत जीत में बदल देने की सामर्थ्य भी प्रकट कर सकता है ! महाभारत के अर्जुन को जिस तरह मछली की आँख ही नज़र आती थी ,प्रधानमंत्री की दृष्टि भी भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और अपने आप को 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करने पर टिकी हुई है ! विधानसभा चुनाव-प्रचार के दौरान, विशेषकर राजस्थान के विभिन्न स्थानों यथा चित्तौड़गढ़, उदयपुर, भीलवाड़ा और बाड़मेर,आदि में मोदी द्वारा अपनाई गई आक्रामक भाव-भंगिमा और स्थान की ज़रूरत के मुताबिक़ दिए गए भाषणों की अगर निष्पक्ष शल्यक्रिया की जाए तो प्रधानमंत्री का एक ऐसा व्यक्तित्व उभरता है जो राजनीतिक विरोधियों के प्रति क्रोध से भरा हुआ है और समर्थकों-मतदाताओं को कुछ ऐसा करने के लिए प्रेरित करता नज़र आता है जैसा पिछले किसी भी चुनाव या उपचुनाव में नहीं देखा गया।

देश के प्रधानमंत्री के इस स्वरूप का दर्शन कल्पना से परे माना जा सकता है जब माथे पर जोधपुरी साफ़ा धारण किए उन्होंने बाड़मेर के 'बायतु' की सभा में लोगों का आह्वान करते हुए कहा = भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो रही है तो कांग्रेस घबरा गई है। जिन्होंने प्रदेश को लूटा है उन्हें जेल जाना होगा।'जैसे उन्हें फाँसी दे रहे हो न कमल के निशान पर ऐसे बटन दबाओ।' कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने बाद में प्रतिक्रिया व्यक्त की कि प्रधानमंत्री की कांग्रेस के प्रति घृणा का सहज अंदाज़ा उनके बयान से लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री के पद पर बैठा कोई व्यक्ति वोट के ज़रिए फाँसी देने की बात कैसे कर सकता है ?कमल के निशान वाले बटन को दबाते हुए फाँसी देने की बात उसी तरह के विचार की पुनराभिव्यक्ति है जो पार्टी के असहिष्णु मुख्यमंत्रियों/नेताओं द्वारा सांप्रदायिक आधार पर दी जाने वाली इस तरह की चेतावनियों में सामने आता रहा है कि = 'बुलडोज़र चलवा दूँगा', 'ज़मीन में गड़वा दूँगा' और 'देश के ग़द्दारों को, गोली मारी सालों को'। या फिर जो पिछले कुछ सालों में सड़कों पर देखी गई मॉब लिंचिंग की घटनाओं अथवा कथित 'धार्मिक संसदों' के उत्तेजक संबोधनों में प्रकट हो चुका है !

प्रधानमंत्री ने अपने प्रथम कार्यकाल की शुरुआत ही देश को कांग्रेस से मुक्त करने के नारे के साथ की थी। अब तीसरी पारी की शुरुआत के पहले देश की सबसे पुरानी पार्टी को चुनावी बटन के ज़रिए फाँसी देने का विचार देश में विपक्ष की ज़रूरत के प्रति उनके तीव्र विरोध को उजागर करता है।

विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री के भाषणों से जो ध्वनि निकली उसमें जनता से जुड़े मुद्दों पर संवाद के ज़रिए पार्टी को जीत हासिल कराने की कोशिशों के बजाय पराजय को किसी भी क़ीमत पर स्वीकार नहीं करने का भाव ही ज़्यादा मुखरता से व्यक्त हुआ। ठीक उसी तरह जैसे अत्यधिक आत्मविश्वास के बावजूद जब अमेरिकी जनता ने डॉनल्ड ट्रम्प को हरा दिया तो वे अपनी पराजय को इतने सालों के बाद आज तक भी स्वीकार नहीं कर पाए हैं। यही कारण रहा कि उनके समर्थक भी हार मानने के लिए तैयार नहीं हुए और 6 जनवरी 2020 को वाशिंगटन स्थित अमेरिकी संसद पर जो कुछ हुआ उसे भारत सहित सारी दुनिया ने देखा।

तीन दिसंबर की मतगणना के बाद मनोवैज्ञानिकों/ चुनावी विशेषज्ञों की किसी टीम को 'बायतु' के नतीजों का विश्लेषण करने के लिए रवाना किया जाना चाहिए। वह टीम वहाँ पहुँचकर न सिर्फ़ इतने अधिक मतदान (83.44 प्रतिशत) के कारणों का पता लगाए, इस बात का विश्लेषण भी करे कि प्रधानमंत्री की 'फाँसी वाली' अपील का क्षेत्र के मतदाताओं के दिलो-दिमाग़ पर क्या प्रभाव पड़ा ? टीम द्वारा जुटाई जाने वाली जानकारी लोकसभा चुनावों की दृष्टि से देश के राजनीतिक दलों के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है !

## मध्यम कद के शहरों का स्मार्ट सिटी में परिवर्तन

बड़े विदेशी शहरों के अनुरूप भारत में भी ऐसे बड़े शहरों की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सके। ऐसे शहरों को स्मार्ट सिटी का नाम दिया जा रहा है। जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें ,पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सके। और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।, आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया हैद्य पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के मेट्रोपॉलिटन शहरों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती है।

यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी, भोजन, घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है।

वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है।

नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर,कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मैं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है।

## उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ, ।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ, ।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ. ।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों को आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से होता खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे कैसे अंजाम दूं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# आंदोलन की आग से निकले केसीआर, क्या बचा पाएंगे तेलंगाना सरकार ?



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

आगामी नवंबर महीने में होने जा रहें देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में इस बार तेलंगाना भी शामिल है। आंध्र प्रदेश से अलग होकर भारत के नए राज्य के रूप में गठित हुए, तेलंगाना के पहला मुख्यमंत्री बनने का गौरव के चंद्रशेखर राव ही मिला था। हालांकि तब से लेकर आज तक तेलंगान के मुख्यमंत्री पद की कुर्सी केसीआर से अलग नहीं हो पाई। ऐसे में अब इस बार यानी तीसरी बार भी केसीआर चुनाव मैदान में जनता के बीच जा रहें हैं । लेकिन अबकी बार जनता के समक्ष केसीआर की छवि एक उभरते हुए आंदोलनकारी और क्रांतिकारी नेता की नहीं, अपितु एक ऐसे मुख्यमंत्री की है, जिसने तेलंबाना राज्य में बीते दस वर्षों तक अपनी लगातार पूर्णकालिक सरकार चलाई है। यहां आपकों अवगत कराना चाहता हूं कि, तेलंगाना राज्य के गठन के बाद केसीआर 2014 में पहली तेलंगाना के मुख्यमंत्री बनें थें। ऐसे में इस बार भी तेलंगाना की जनता के समक्ष केसीआर के पूरे 10 साल के उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल का हिसाब किताब और लेखा जोखा प्रस्तुत होगा। ऐसे में यहां पर यह भी सवाल उठना लाजिमी है कि, क्या इस बार तेलंगाना की जनता केसीआर को फिर से अपने मुख्यमंत्री के तौर पर अपना भारी समर्थन देगी ?

### क्या तेलंगाना में केसीआर के लिए इस बार बहुमत लाना बहुत मुश्किल ?

देश में 2024 के पहले तक अलग तेलंगाना राज्य की मांग को लेकर अपने आंदालनों और विरोध प्रदर्शनों की वजह से लंबे समय तक चर्चा का केंद्र रहें, केसीआर इस बार तेलंगाना में सीएम की कुर्सी पर काबिज होकर हैट्रिक लगाना चाहतें हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि, क्या केसीआर तेलंगाना में लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हो पाएंगें ? हालांकि तेलंगाना में केसीआर की छवि एक ईमानदार नेता की है। लेकिन बीच के कुछ सालों में उनकी बेटी के कविता के उपर लगे दिल्ली शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप ने उपकी छवि को थोड़ा सा जरूर धूमिल किया है। दरअसल हाल ही में बीते कुछ महीने पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के कविता से ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले में उनकी संलिप्तता के बाबत कई घंटे तक पूछताक्ष की थी। दरअसल इसके बाद केसीआर की ईमानदार नेता की छवि को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा था। हालांकि अभी तक दिल्ली शराब घोटाले में केसीआर की बेटी के कविता पर कोई भी खास कार्रवाई नहीं हो सकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल कि, केसीआर विधानसभा चुनाव में और उसके बाद लोकससभा चुनावों में इंडिया गठबंधन और एनडीए में से किसके साथ खड़ें होंगें ?

### क्या केसीआर विधानसभा चुनाव तक नहीं बनेंगें किसी राष्टीय गठबंधन का हिस्सा ?

दरसअल केसीआर को लेकर बीते कुछ महीनों से अटकलों का दौर जारी है की, आखिरकार उन्होंने अभी तक अपनी बीआरएस पार्टी को इंडिया गठबंधन या फिर एनडीए गठबंधन में से किसी में शामिल क्यों नहीं कराया ? ऐसे में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी और कांग्रेस पार्टी की निगाहें सीधे केसीआर के उपर टिकी है। हालांकि केसीआर से अपने पत्ते अभी तक नहीं खोलें हैं। दरअसल केसीआर के एक मंझे हुए राजनेता हैं, और वह जानते है कि, यदि उन्होंने तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया या एनडीए में से किसी भी गठबंधन में शामिल होने का निर्णय लिया तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान होगा। क्योंकि यदि केसीआर तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले किसी भी राष्ट्रीय दल के गठबंधन में अपनी पार्टी को शामिल करतें हैं तो विपक्षी गठबंधन के मतदाता तेलंगाना विधानसभा चुनाव में उनसे नाराज हो सकतें हैं। मसलन यदि केसीआर कांग्रेस के इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनतें हैं तो विपक्षी बीजेपी के एनडीए गठबंधन के मतदाताओं का वोट तेलंगाना विधानसभा चुनाव में केसीआर के विरोध में जा सकता है। इसी तरह से यदि केसीआर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनतें हैं तो इंडिया गठबंधन के मतदाता तेलंगाना में केसीआर को अपना वोट नहीं देंगें। नतीजतन इसी को ध्यान में रखते हुए शायद केसीआर ने आगामी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों तक किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने का निर्णय लिया हो। हालांकि इस बात की भी क्या गारंटी है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर तीसरी बार विधानसभा चुनाव जीतने के बाद किसी राष्ट्रीय गठबंधन दल का हिस्सा बनें ? क्योंकि जिस तरह से केसीआर की बेटी के कविता से हाल ही में कुछ महीने पहले ईडी ने पूछताक्ष की थी उससे तो नहीं लगता कि केसीआर की पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनेगी। ऐसे में इस बात की संभावनाएं ज्यादा हैं कि केसीआर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी भी राष्ट्रीय गठबधंन दल का हिस्सा नहीं बनें।

## तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों में केसीआर के सामने विपक्ष की चुनौतियां

युवा कांग्रेस से निकलकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले केसीआर दरअसल केसीआर का जन्म 17 फरवरी 1954 को तेलंगाना के सिद्धिपट जिले के चिंतामड़का गांव में हुआ था। केसीआर ने अपनी राजनीति का शुरूआत मेड़क जिले से युवा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में की थी। हालांकि बाद में केसीआर ने तेलगू देशम पार्टी में शामिल हो गए और सन 1983 में उन्होंने अपना पहला विधानसभा चुनाव सिद्धिपट से लड़े, जिसमें उनकी हार हुई थी। हालांकि इसके बाद केसीआर को सन 1985 में 1999 में विधानसभा चुनाव में जीत मिली। इसके साथ केसीआर 1987 से 1988 तक तेलंगाना की तेलगू देशम पार्टी की मुख्यमंत्री एनटी रामरांव की सरकार में राज्यमंत्री भी रहें हैं। इसके बाद वह तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सरकार में परिवहन मंत्री रह चुकें हैं। हालांकि बाद में चंद्रबाबू नायडू से मतभेद होने के चलते केसीआर ने तेलंगाना विधानसभा के डिप्टी स्पीकर पद से 2001 में इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उनको गिरफतार भी किया गया। 2001 में ही अलग तेलंगाना राज्य की मांग को लेकर केसीआर ने अपनी अलग पाँआी बनाई जिसका नाम उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति दिया। जबकि 2004 के लोकसभा चुनाव में केसीआर खुद अपनी पार्टी से करीमनगर सीट से चुनाव जीतकर सांसद बनें थें । इसके बाद केसीआर अपनी पार्टी के टीआरएस के साथ कांग्रेस के यूपीए-1 का हिस्सा बनें और डां मनमोहन सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री का भी पद संभाल चुकें हैं। ऐसे में केसीआर की लंबी राजनीति पारी में उन्होंने अपना ज्यादा समय कांग्रेस और तेलगू देशम पार्टी के साथ गुजारा है। केसीआर के अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा और उसके गठबंधन एनडीए के साथ जुड़ने की संभावनाएं कम ही दिखाई दें रहीं हैं। हालांकि राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है। इसलिए केसीआर किस दल का हिस्सा बनतें हैं इसे जानने के लिए अभी आपकों कुछ और महीनों तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

अबकी बार जनता के समक्ष केसीआर की छवि एक उभरते हुए आंदोलनकारी और क्रांतिकारी नेता की नहीं, अपितु एक ऐसे मुख्यमंत्री की है, जिसने तेलंबाना राज्य में बीते दस वर्षों तक अपनी लगातार पूर्णकालिक सरकार चलाई है। यहां आपकों अवगत कराना चाहता हूं कि, तेलंगाना राज्य के गठन के बाद केसीआर 2014 में पहली तेलंगाना के मुख्यमंत्री बनें थें। ऐसे में इस बार भी तेलंगाना की जनता के समक्ष केसीआर के पूरे 10 साल के उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल का हिसाब किताब और लेखा जोखा प्रस्तुत होगा। ऐसे में यहां पर यह भी सवाल उठना लाजिमी है कि, क्या इस बार तेलंगाना की जनता केसीआर को फिर से अपने मुख्यमंत्री के तौर पर अपना भारी समर्थन देगी ?

## शार्ट न्यूज

### एयरपोर्ट पहुंचने पर सी एम का प्रभारी मंत्री समेत सभी ने किया स्वागत



वाराणसी। (पी एम ए) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी दौरे के क्रम में एयरपोर्ट पहुंचने पर सांसद मछलीशहर बीपी सरोज, प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्या, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक सुशील सिंह, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम समेत विभिन्न अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से सीधे नमो घाट पहुंचें। उसके बाद वहाँ से विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे तथा सतुआ बाबा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई नौकरानी

लखनऊ। (पी एम ए) उत्तर प्रदेश के लखनऊ के पॉश शालीमार गैलेंट्स अपार्टमेंट के सर्वेंट क्वार्टर में 19 वर्षीय नौकरानी का शव मिला है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना में रहस्यमय मोड़ तब आया, जब शव परीक्षण रिपोर्ट निर्णायक उत्तर देने में विफल रही, जिसके चलते डॉक्टरों ने आगे की फोरेंसिक जांच के लिए विसरा को संरक्षित करने की सिफारिश की। मृतका सीतापुर की रहने वाली थी। पिछले डेढ़ साल से डॉ. अपर्णा अग्रवाल के यहां काम करती थी और डॉक्टर के अपार्टमेंट में एक निर्धारित सर्वेंट रूम के साथ रह रही थी। यह घटना तब सामने आई जब नौकरानी अपने काम पर दोबारा नहीं पहुंची। डॉ. अग्रवाल सर्वेंट रूम में गए, जहां बार-बार खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते, पुलिस को बुलाकर बंद दरवाजा तोड़ा गया और वहां नौकरानी का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। हैरानी तब और बढ़ गई, जब उसके मुंह को एक तकिया से ढका हुआ पाया गया। इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा ने कहा, 'पुलिस को संदेह है कि लड़की सर्वेंट रूम में सोते समय दिल का दौरा पड़ने से मर गई होगी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाज़ा खोला गया, जिससे एक ऐसा दृश्य सामने आया जो जवाब से ज़्यादा सवाल खड़े करता है। इंस्पेक्टर मिश्रा ने कहा, अपराध स्थल और अन्य प्रासंगिक कारकों की हमारी जांच से कोई गड़बड़ी नहीं होने का पता चलता है।

### लड़की ने सी एम को संबोधित वीडियो पोस्ट कर खुद को लगाई फांसी, पांच पुलिसकर्मी निलंबित

प्रतापगढ़। (पी एम ए) उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के चिलबिला बाजार में ब्यूटी पार्लर संचालिका कंचन जायस के आत्महत्या के मामले में पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने चिलबिला चौकी प्रभारी शेष नाथ यादव समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कोतवाली नगर के चिलबिला चौकी क्षेत्र के चिलबिला बाजार की कंचन जायसवाल के घर जमीन व दुकान में भाई भाई के बीच बंटवारे से आहत होकर कल रविवार को दिन में लगभग दस बजे अपने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। घटना से अक्रोशित उसके परिजनों व बाजार के लोगो ने प्रयागराज से अयोध्या हाई वे पर धरना देकर लगभग छह घंटे तक वाहनों के आवागमन को अवरूद्ध कर दिया था और स्थानीय पुलिस पर कंचन को परेशान कर रहे आरोपियों को बढ़ावा देने, पक्षपात करने और समय रहते किसी प्रकार की कार्यवाही न करने का आरोप लगाया था और एक सुसाइड नोट भी लिखकर आत्महत्या की थी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के निलंबन की कार्यवाही सी ओ सिटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद की है।

### स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खाई में पलटी

जौनपुर। (पी एम ए) सर्दी आते ही कोहरे ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। जनपद के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाराणसी से काशी विश्वनाथ से दर्शन कर सुल्तानपुर लौट रही स्कॉर्पियो गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर वाराणसी से काशी विश्वनाथ से दर्शन कर सुल्तानपुर लौट रही दर्शनार्थियों से भरी स्कॉर्पियो गाड़ी अचानक पलटकर खाई में जा गिरी। इस हादसे के चलते कार सवारों में चीख पुकार मच गई। घायलों की पुकार सुन मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार छह लोगों को बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दर्शनार्थी अभिनव पाठक की जाच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल अभिषेक पाठक, अजय गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, संतोष कुमार और प्रिंस कुमार की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। स्कार्पियो सवार सभी दर्शनार्थी एनसीसी लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं, जो वाराणसी काशी से दर्शन कर वापस सुल्तानपुर जा रहे थे।

### मुजफ्फरनगर में छात्र की मौत पर हंगामा

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अलमासपुर में रहने वाले दसवी कक्षा के एक छात्र की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गयी। स्वजन ने आरोप लगाया कि एक छात्रा के घरवालो ने बेटे को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। जिससे मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। रविवार शाम आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर छात्र के स्वजन व अन्य लोगों ने अलमासपुर चौराहा पर शव रखकर जाम लगा दिया। लगभग एक घंटा तक लोग जाम लगाकर हंगामा करते रहे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। छात्र के स्वजन ने नई मंडी कोतवाली में छात्रा और उसके स्वजन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने छात्र के परिवार के 6 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। नईमंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव अलमासपुर में रहने वाला 15 वर्षीय छात्र शहर के एक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढता था। वसुंधरा कालोनी निवासी छात्रा अन्य स्कूल से दसवीं की पढ़ाई कर रही है। छात्र व छात्रा के बीच पिछले काफी समय से जान पहचान थी। चर्चा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को दोनों अपने अपने स्कूल नहीं पहुंचे।

### यात्रियों से भरी शताब्दी बस में लगी आग

प्रयागराज। सिविल लाइंस बस स्टैंड से लखनऊ के लिए जा रही शताब्दी बस में आज सोमवार को आग लग गई। करीब 60 यात्री बस में सवार थे। बस चालक जब तक कुछ समझ पाता तब तक बस जलने लगी। बस में महिलाओं और बच्चे भी शामिल थे। कुछ लोग शीशा तोड़कर बस से बाहर कूद गए तो कुछ सामान छोड़कर बस से बाहर निकलकर जान बचाने में सफल रहे। अस्पताल गेट पर चाय पान के दुकानदार खुला छोड़कर वहां से भाग गए। बस में भीषण आग लगने से दोनों तरफ ट्रैफिक रोक दिया गया। यह हादसा सिविल लाइंस बस स्टैंड से करीब 3 किलोमीटर दूर स्टैनली रोड पर तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल के गेट पर हुआ। करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तो किसी तरह आग पर काबू पाया गया। बस पूरी तरह से जलकर राख हो गई। लखनऊ के लिए सवार हुई एक महिला अपने परिवार को फोन कर इसकी सूचना दे रही थी। रोकर वह बता रही थी कि किसी तरह से वह बस से उतर पाई, किसी तरह से उसकी जान बची है। घटना करीब पांच बजे की है। आलमबाग डिपो की शताब्दी एसी सेवा की बस आज यात्रियों को बैठाकर लखनऊ के लिए रवाना हुई थी। कंडक्टर यात्रियों का टिकट बना रहा था। तभी इंजन की तरफ से धुआं निकलने लगा। चालक ने बेली अस्पताल के गेट नंबर 2 के सामने बस को फौरन रोक दिया। यात्रियों में खलबली मच गई।

# सीएम योगी ने झुकाए बाबा के दर पर शीश

## समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए की प्रार्थना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ सोमवार को देव दीपावली पर तीनों लोक से न्यारी काशी पहुंचे। गंगा द्वार से प्रवेश करके गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर बाबा के चरणों में शीश झुकाया। यहां उन्होंने विधि विधान से दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एयरपोर्ट से सीधे नमोघाट पहुंचे थे।

यहा से बजड़ा पर सवार होकर जलमार्ग से श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। सीएम ने सोमवार को बाबा काशी विश्वनाथ से सुखी व समृद्ध उत्तर प्रदेश की प्रार्थना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धाम में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।



दर्शन-पूजन के दौरान मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, जयवीर सिंह, रवींद्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### अगस्त, सितंबर, अक्टूबर व नवंबर में काशी पहुंचे सीएम ने किया दर्शन

इसके पहले सीएम ने श्रावण मास में भी तीन बार श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में पूजन-अर्चन किया था। अगस्त के बाद सितंबर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों मंदिरों में पूजा की थी। 31 अक्टूबर को भी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में वंदन-पूजन किया था। इसके बाद कार्तिक पूर्णिमा पर 27 नवंबर को भी मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में शीश नवाया और बाबा से आशीर्वाद की कामना की।

### बदायूं में पुलिस ने धर्मस्थलों से हटवाए लाउडस्पीकर

बदायूं। बदायूं में धार्मिकस्थलों पर लगाए लाउडस्पीकरों को अभियान चलाकर पुलिस ने उतरवाया। वहीं मानक से अधिक तेज आवाज में आराधना से लेकर इबादत करने वाले 63 लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसएसपी डॉ. ओपी सिंह के निर्देश पर जिलेभर की पुलिस ने उन मंदिर-मस्जिदों पर छापामारी की। जहां शासन द्वारा जारी डेसिबल की गाइडलाइन को दरकिनार कर लाउडस्पीकर बजाए जा रहे थे। इस दौरान 167 धार्मिकस्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर चलते मिले। इन लाउडस्पीकर समेत अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों को पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं 63 लोगों के खिलाफ मुकदमा भी लिखा गया है। पुलिस के मुताबिक जिलेभर में 1840 धार्मिकस्थल ऐसे हैं, जहां लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। इनमें से 81 लाउडस्पीकर पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। जबकि बाकी के लोगों को यह चेतावनी दी गई है कि ज्यादा तेज आवाज में लाउडस्पीकर चलता मिला तो कार्रवाई तय है।

## आगरा में भीषण सड़क हादसा, दो दोस्तों की मौत

**आगरा।** आगरा में शादी से लौटते समय एमजी रोड पर हुए एक्सीडेंट में दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक की हालत गंभीर है। तीनों एक ही कार में अपने दोस्त की शादी से लौट रहे थे। कार पोल में जाकर टकराई।

कमलानगर के कृष्णा कुंज ब्रज विहार में रहने वाले 20 साल के वंश लूथरा के पिता संजय लूथरा कारोबारी हैं। वंश अपने दोस्त मंगलम आधार अपार्टमेंट के रहने वाले रुद्रांश लवानियां और केशव लवानियां के साथ फतेहाबाद रोड स्थित मैरिज होम में अपने दोस्त की शादी में गए थे। रुद्रांश ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी से एलएलबी कर रहा है और केशव के बीटेक रहा है। दोनों के पिता वकील योगेश लवानियां हैं। सोमवार सुबह मैरिज होम से तीनों दोस्त कार से अपने घर लौट रहे थे। एसएन इमरजेंसी के सामने एमजी रोड पर कार पोल से टकराई। कार इतनी तेजी से पोल से टकराई जिससे बहुत तेज आवाज हुई। आवाज सुनकर आसपास खड़े लोग कार के पास आए। कार के आगे



से परखच्चे उड़ गए थे। कार में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकाला गया। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि हादसे में कारोबारी के पुत्र वंश लूथरा और लॉ के छात्र रुद्रांश लवानियां की मौत हो गई। केशव लवानिया की हालत गंभीर है, अस्पताल में भर्ती है।

### परिवार में मचा कोहराम

हादसे की जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल में वंश लूथरा और रुद्रांश की मौत होने पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वंश इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर सुनकर उसकी मां बार-बार बेहोश हो रही है।

## पीलीभीत में बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत में मोटरसाइकिल पर सवार होकर रिश्तेदार के साथ मेला देखने जा रहे एक युवक सड़क हादसे में मौत हो गई, घटना के दौरान मोटरसाइकिल पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पूरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रघुनाथपुर गांव के रहने वाले शिवम पुत्र हल्द्वानी लाल सोमवार को अपने रिश्तेदार अमन पुत्र राजेश निवासी धरमापुर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोमती उद्गम स्थल पर लगे मेले को देखने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार युवक दिनारपुर गांव के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया, जबकि अमन का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

# आजमगढ़ के मुबारकपुर में एनआईए की छापेमारी

## केरल से हिरासत में लिया गया अदनान, पाकिस्तान समर्थित हैंडलर्स से संबंध रखने के आरोप

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के मुबारकपुर में नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने छापामारी की। सरैय्या में रहने वाले हाजी वदूद के घर एनआईए टीम ने जांच पड़ताल की। दरअसल, हाजी वदूद के भांजे अदनान को केरल से एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

पूछताछ में अदनान ने बताया कि वह मुबारकपुर के सरैय्या में अपने नाना के घर में रहता था। फिर वह नौकरी के लिए केरल आ गया था। यहां एक होटल में काम करने लगा। अदनान पर पाकिस्तान समर्थित हैंडलर्स से संबंध




रखने का आरोप हैं। मामले की छानबीन चल रही है। मुबारकपुर के सरैय्या में एनआईए की छापेमारी के बारे में हाजी वदूद के पड़ोसी का कहना है कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं। इतना जरूर बताया कि आए थे कुछ लोग और पूछताॅछ किए। किसी को कोई जानकारी नहीं मिली। 15 से 20 की संख्या में लोग आए। यहां पर हाजी वदूद की पत्नी रहती है और एक लड़की जो देखभाल करती है। आस-पास के लोगों को कुछ भी नहीं बताया गया।

### अक्टूबर में हुई थी रिजवान की गिरफ्तारी

दिल्ली की स्पेशल सेल ने जिन तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनमें एक आरोपी मोहम्मद रिज़वान अशरफ की पढ़ाई आजमगढ़ से हुई है। मोहम्मद रिज़वान अशरफ आईएसआईएस का सदस्य है। पूछताछ में उसने सुरक्षा एजेंसियों को बताया था कि शाहनवाज के साथ हिजरत के लिए जाना चाहता था। पैसा इकट्ठा करने के लिए हम दोनों अपराध में शामिल हो गए।

शाहनवाज की आईएसआईएस के एक विदेश स्थित हैंडलर से बातचीत शुरू कर दी। इस बीच रिजवान ने भी उसी हैंडलर से संपर्क स्थापित किया। वर्ष 2001 से 2008 तक बिलरियागंज के फलाह मदरसे तालीम हासिल की थी।

# गोरखपुर में बेटे ने बाप को पीट-पीटकर मार डाला

## पहले पिता ने बेटे को मारा, बौखलाए बेटे लाठी-डंडे पीटकर कर दी हत्या; दोनों शराब के नशे में चूर थे

गोरखपुर। गोरखपुर में एक बेटे ने अपने पिता को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। घटना के वक्त पिता और बेटा दोनों शराब के नशे में धूत थे। घर पर मीट बनाकर पार्टी कर रहे थे। तभी नशे की हालत में बाप-बेटे में किसी बात को लेकर बहस हो गई। जिसपर पिता ने अपने बेटे के सिर पर डंडे से मार दिया। चोट लगने से बेटा घायल हो गया। इसके बाद गुस्से में बौखलाए बेटे ने लाठी-डंडों से अपने पिता को तब तक पीटा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। घटना गोला इलाके के सिंगहा पुरूषादेऊर गांव की



है। परिवार वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ मृतक की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

### खाना खाने के दौरान हुआ विवाद

पुलिस के मुताबिक, गोला इलाके के सिंगहा पुरूषादेऊर का रहने वाले राजनाथ बेलदार (50) और उसका बड़ा बेटा बिट्टू (25) शराब के आदी थे। बीते शनिवार की शाम को दोनों घर पर मीट बनाकर पार्टी कर रहे थे। पिता और बेटा दोनों नशे की हालात में थे। खाने के दौरान दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। तभी अचानक पिता ने अपने बेटे बिट्टू के उपर लाठी से हमला कर दिया। जिसमें उसके सर पर चोट आ गई। चोट से बौखलाए बेटे ने अपने पिता पर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। बेटा पिता को तब तक पीटता रहा, जब तक उनकी मौत नहीं हो गई।

### बेटी की तहरीर पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

घटना के बाद मृतक राजनाथ की बेटी पूनम पत्नी रामू ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पूनम की तहरीर देकर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी बेटे बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया।

### गोकशी करने वाले 12 लोगों पर लगी गैंगस्टर

अलीगढ़। अलीगढ़ में गोकशी करने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। लगातार कार्रवाई और मुकदमें होने के बाद भी गोकशी करने वालों पर चंडौस पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। यह आरोपी गैंग बनाकर काम कर रहे थे और अपने निजी फायदे के लिए क्रूरता से पशुओं का वध करते थे। एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देश पर चंडौस पुलिस ने 12 अपराधियों के खिलाफ चंडौस थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह सभी शातिर अपराधी हैं और विभिन्न मामलों में पहले से नामजद हैं। आमजनों लगातार पुलिस को इनकी शिकायत कर रहे थे और इनके कृत्य के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस ने 12 आरोपियों को नामजद किया है। इसमें 8 अपराधी अलीगढ़ के रहने वाले हैं, वहीं 4 अपराधी बुलंदशहर के रहने वाले हैं। यह अलीगढ़ आकर घटनाओं को अंजाम देते थे। इसमें बुलंदशहर के राशिद पुत्र समी निवासी खुर्जा थाना खुर्जा, हाजी उर्फ हाजी फैय्याज पुत्र इस्लाम निवासी मो. अजीजाबाद थाना औरंगाबाद, इब्राहिम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी नई बस्ती थाना खुर्जा और मुबीन पुत्र मुफीस निवासी नई बस्ती सराये मुर्तजा थाना खुर्जा नगर को नामजद किया गया है। इसके साथ ही अलीगढ़ के रहने वाले अजमत पुत्र मल्लाह निवासी रायट थाना लोधा, दिलशाह पुत्र मल्लाह निवासी रायट थाना लोधा और सद्दाम पुत्र अहसान निवासी रामपुर शाहपुर थाना चंडौस को भी नामजद किया गया है।

## हाथरस में हत्या का आरोपी टेम्पो चालक गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस सदर कोतवाली पुलिस ने युवक की हत्या में आरोपी टेम्पो चालक को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है। शहर की कांशीराम कॉलोनी निवासी युवक प्रदीप पुत्र निरंजन लाल को 9 नवंबर को शहर के तालाब चौराहे पर टेम्पो चालक राकेश और बंटी ने टक्कर मार दी थी। जिसके बाद कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने अपने दो-तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे मारा पीटा था। इससे प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया था।

वह घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा था और उसने अपने परिवार के लोगों को पूरी बात बताई थी। परिवार के लोगों ने उसका इलाज कराया था। इलाज के लिए अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज ले गए थे और फिर हाथरस के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर आए थे। यहां निजी चिकित्सक ने उसे आगरा रेफर कर दिया। 2 दिन पहले उसने दम तोड़ दिया था।

पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया था और इस मामले में दो नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

### बस्ती में नायब तहसीलदार गिरफ्तार

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सदर तहसील मे तैनात दुष्कर्म एवं हत्या के प्रयास के आरोपी नायब तहसीलदार को रोडवेज के समीप से गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी ने सोमवार को बताया कि कोतवाली थाने मे सदर तहसील मे तैनात एक महिला नायब तहसीलदार ने 17 नवम्बर को तहरीर देकर नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 452, 504, 354, 307, 376, 511 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस निरन्तर प्रयास कर रही थी।

## एटा में ऑनर किलिंग का खुलासा, पुलिस ने भाई को तमंचे सहित किया गिरफ्तार

### नाबलिग भाई ने बहन की गोली मारकर की थी हत्या

**एटा।** एटा की अलीगंज पुलिस ने करीब 10 दिन पहले किशोरी की हत्या का खुलासा किया है। किशोरी के भाई ने ही तमंचे से गोली मारकर ऑनर किलिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार गांव के एक लड़के से प्रेम प्रसंग के चलते भाई ने बहन को कई बार समझाया था। घर वालों ने अपने बचाव में ये कहानी बनायीं थी कि लड़की ने छत से कूदकर आत्म हत्या कर ली है।

उसके बाद परिजनों ने अपना पूर्व का बयान बदलते हुये एफआईआर में कहा था कि लड़की ने खुद गोली मारकर आत्महत्या कर ली है, लेकिन पुलिस ने इस घटना का खुलासा कर दिया है। बहन की हत्या करने वाले भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

#### रोडवेज बस स्टैण्ड के पास आरोपी गिरफ्तार

आज मुखबिर की सूचना पर थाना अलीगंज पुलिस द्वारा उपरोक्त मुक़दमे के वांछित बाल अपचारी उम्र 16 वर्ष को रोडवेज बस स्टैण्ड के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तंमचा मय नाल में फंसा खोखा कारतूस बरामद किया गया।

#### बहन के प्रेम-प्रसंग से नाराज था भाई

पुलिस की मानें तो मृतक का किसी के साथ प्रेम-प्रसंग था। इसकी जानकारी घरवालों को हो गई थी। उस दिन भी मृतका का भाई बहन से नाराज था। अलीगंज पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद ओर भी राज खुल सकते है।

## रास्ते के विवाद में अधेड़ की हत्या : एक आरोपी गिरफ्तार

### 2 को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी, लाठी-डंडों से किया था हमला

देवरिया। देवरिया जिले के जलुआ पटखौली गांव में पुराने रास्ते के विवाद को लेकर शुक्रवार की देर रात दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के चार लोगों की लाठी-डंडे से पिटाई कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसमें एक व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे पक्ष से भी कुछ लोगों को चोटें आई हैं।



पुलिस ने मृतक राजेंद्र यादव के बेटे विजय सेन यादव की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू की। इसी बीच हत्या में नामजद एक अभियुक्त विनोद यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव को पुलिस ने सोमवार को रामपुर खास नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने की फिराक में था।

थानाध्यक्ष तरकुलवा इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि नामजद अभियुक्तों विनोद यादव, नवमी यादव, कपिल देव, प्रभाकर यादव, बलराम यादव, मिंटू यादव,रामप्यारे यादव में से तीन अभियुक्तों बलराम यादव और राम प्यारे यादव को रविवार को गिरफ्तार किया गया था। सोमवार को विनोद यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव को गिरफ्तार किया गया है। शेष अभियुक्तों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### खून से लथपथ युवक का जंगल में मिला शव

रामपुर। रामपुर में सोमवार को खून से लथपथ एक मजदूर का शव जंगल में मिला। जंगल में शव मिलने पर भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। लोगों ने लाठी-डंडे से पीटकर हत्या किए जाने के बाद शव को फेंकने की आंशका जताई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और जांच-पड़ताल में जुट गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सैंपल लिया जांच में जुटी हुई है।घटना शाहबाद थाना क्षेत्र के भरतपुर की है। भरतपुर निवासी नन्हे (40) कुट्टी की मशीन पर काम करता था। सोमवार को जाहिदपुर से भरतपुर जाने वाले रास्ते में कब्रिस्तान के पास नन्हे का शव लहूलुहान हालत में मिला। खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। एसपी राजेश द्विवेदी भी मौके पर मुआयना करने पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रक्त रंजित हालत में मृत नन्हें के सिर में गहरी चोट हैं और शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी हैं। शव की हालत को देखकर साफ तौर पर हत्या लग रही है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### पुणे-नागपुर इंडिगो फ्लाइट में सीट से कुशन गायब, एयरलाइन की लापरवाही पर उठे सवाल

मुंबई । पुणे से नागपुर जाने वाली इंडिगो 6ई-6798 विमान में एक चौकाने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, किसी काम की वजह से पुणे से नागपुर जा रही यात्री सागरिका पटनायक ने देखा कि उनकी सीट का आधा कुशन गायब है। सागरिका के पति सुब्रत पटनायक ने मीडिया को बताया, एयरलाइन वालों ने उनकी पत्नी को खिड़की वाली सीट 10ए आवंटित किया था, लेकिन जैसे ही वह अपने सीट पर पहुंची सीट की हालत देखकर वह दंग रह गई। उसने देखा की सीट पर कुशन ही गायब थे। उन्होंने आगे बताया कि उनकी पत्नी ने इसके बारे में वहां मौजूद कैबिन क्रू से बात की, लेकिन उन्होंने उसे सीट के नीचे देखने के लिए कहा। सागरिका ने हर जगह देखा, लेकिन उसे कुशन कहीं नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने फिर एक बार केबिन क्रू से इसके बारे में पूछा। सागरिका के पति ने बताया, %उस दौरान बोर्डिंग चल रही थी, और उसे मजबूरत आइल में खड़ा रहना पड़ा। इस वजह से अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आखिरकार एक क्रू सदस्य ने दूसरे सीट से कुशन लाकर सागरिका को दिया। सागरिका के पति ने सवाल किया कि सीट कुशन ऐसे कैसे गायब हो सकता है। इंडिगो जैसी एयरलाइन ब्रांड से ऐसी उम्मीद नहीं थी। हालांकि, इस पर एयरलाइन वालों ने सफाई पेश की है। उन्होंने बताया कि कुशन को सफाई के लिए ले जाया गया था।

### म्यूचुअल फंड बन रहा घरेलू बचत का पसंदीदा साधन

नई दिल्ली। हाल के समय में बाजार की तेजी से घरेलू बचत का हिस्सा अब बैंकों के जमा के बजाय म्यूचुअल फंडों में जा रहा है। निवेशक अब इक्विटी फंड में पैसे लगा रहे हैं। इस पर उनको अच्छा रिटर्न मिल रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2021 में म्यूचुअल फंडों में कुल निवेश 64,000 करोड़ रुपये आया था। 2022 में यह बढ़कर 1.60 लाख करोड़ और 2023 में यह 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय बचत में घरेलू बचत का हिस्सा भी इसी तरह से वित्त वर्ष 2021 में 7.6 फीसदी था। 2022 में यह बढ़कर 8.5 फीसदी और 2023 में यह 8.4 फीसदी पर रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीने (अप्रैल से अक्तूबर) में म्यूचुअल फंड में निवेशकों के निवेश का मूल्य यानी एयूएम बढ़कर 46.72 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह इसलिए क्योंकि घरेलू बचत का हिस्सा अब म्यूचुअल फंड में आ रहा है। अप्रैल से अक्तूबर के बीच इक्विटी और वृद्धि केंद्रित योजनाओं का म्यूचुअल फंड में सर्वाधिक हिस्सा रहा है। डेट स्कीम का मार्च, 2022 तक 34त्न हिस्सा था जो अक्तूबर तक घटकर 29त्न पर आ गया। इक्विटी और वृद्धि योजनाओं का हिस्सा 36.3त्न बढ़कर 40.2 फीसदी पर पहुंच गया। इसका मतलब निवेशक इक्विटी फंड में तेजी से पैसा लगा रहे हैं।

### यात्रा बीमा का दावा पाने के लिए ठीक से पूरी करें प्रक्रिया, यह सब कुछ कवर करतीं हैं कंपनियां

**नई दिल्ली।** यात्रा के दौरान आपात परिस्थितियों में यात्रा बीमा सर्वोत्तम सुरक्षा कवच माना जाता है। यह मेडिकल आपातकालीन परिस्थितियों, ट्रिप के रद्द या बदलाव होने, चेक-इन किए गए सामान को पाने में देरी या खो जाने के साथ साथ पासपोर्ट के गुम होने जैसी कई परिस्थितियों को कवर करता है। दावा फाइल करते समय क्लेम प्रक्रिया के बारे में ठीक से पता होना चाहिए, ताकि दावा मिल सके। ऐसी स्थिति में दावा पाने के लिए आपको निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए। यात्रा रद्द या कम करने की सूचना बीमा कंपनी को दें। क्लेम फॉर्म में दस्तावेजों के साथ इमरजेंसी का विवरण भी दें। केवल होटल बुकिंग और फ्लाइट टिकट जैसे गैर वापसी, प्री-पेड खर्चों की लागत का रीइंबर्समेंट किया जाएगा। आप विदेश में हों और कोई मेडिकल इमरजेंसी आ जाए तो ट्रैवल बीमा पॉलिसी ऐसी आपात स्थिति में क्वालिटी मेडिकल केयर की सुविधा देती है। किसी घटना और मेडिकल स्थिति की पूरी जानकारी बीमा कंपनी को दें। डॉक्टर के बयान आदि जैसे दस्तावेज़ जमा करें। बीमा कंपनी के पास उस देश में संबद्ध चिकित्सा सुविधाओं का नेटवर्क है, तो अस्पताल को पेमेंट होगा। कैशलेस दावा निपटान सुविधा नहीं है, तो पहले भुगतान कर बाद में रीइंबर्समेंट का आवेदन करें।

### भारत के पास खुद को 'मैन्युफैक्चरिंग हब' के रूप में स्थापित करने का मौका

चीन में श्वसन संबंधी महामारी फैलने के बीच भारत अपनी आपूर्ति-श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश कर खुद को वैश्विक 'मैन्युफैक्चरिंग हब' के तौर पर स्थापित कर सकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यबल और विनिर्माण क्षमता का लाभ उठा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन में मानव-पशु संपर्क के कारण कई संक्रमण फैले हैं। इनमें 2019 में कोविड-19, 2013 में एच7एन9 बर्ड फ्लू, 2014 में एच5एन6 बर्ड फ्लू और 2021 में एच10एन3 बर्ड फ्लू शामिल हैं। हालांकि, इन संक्रमणें के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन कोविड-19 विशेष रूप से एक वैश्विक महामारी में बदल गया। ये महामारियां, विशेष रूप से कोविड-19 ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण के लिए चीन पर निर्भरता के फिर से मूल्यांकन को प्रेरित किया है। कंपनियां जोखिमों को कम करने के लिए आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में निवेश करके लाभ उठाने की स्थिति में है।

### उत्तराखंड टनल निर्माण से कोई लेना-देना नहीं, यह ग्रुप को बदनाम करने की 'नापाक' कोशिश

अडाणी ग्रुप ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में कुछ दिन पहले ढह गई निर्माणधीन सिल्कयारा टनल के साथ ग्रुप का जोड़े जाने को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है। गौतम अडाणी की अगुवाई वाले ग्रुप ने सोमवार को बयान जारी कर स्पष्ट किया कि उसका या समूह की किसी भी कंपनी का सिल्कयारा टनल के निर्माण से कोई लेना-देना नहीं है। करीब दो सप्ताह पहले बीच में से ढह गई सिल्कयारा टनल में 41 मजूदर फंसे हुए हैं। बता दें कि सोशल मिडिया पर इस तरह की खबरें थी कि टनल का निर्माण कर रही कंपनी को अडाणी ग्रुप ने कुछ साल पहले खरीद लिया था। हालांकि, अडाणी ग्रुप ने स्पष्ट किया है कि उसका टनल का निर्माण कर रही कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है। आपको बता दें सिल्कयारा टनल केंद्र की मोदी सरकार की हर मौसम में चार धाम यात्रा तक पहुंच परियोजना का हिस्सा है। हैदराबाद की नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड सुरंग का निर्माण कर रही है। अडाणी ग्रुप ने कहा, हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ तत्व ग्रुप को उत्तराखंड में दुर्भाग्यपूर्ण रूप से ढह गई टनल के निर्माण के साथ जोड़ने का 'नापाक' प्रयास कर रहे हैं। हम इन प्रयासों और उनके पीछे के लोगों की कड़ी निंदा करते हैं।

### नए साल में फोनपे लॉन्च कर सकती है पर्सनल लोन की सुविधा : रिपोर्ट

जल्द ही डिजिटल पेमेंट कंपनी PhonePe पर पर्सनल लोन मिल सकेगा। यानी की फोनपे यूजर्स अब पर्सनल लोन अपनी फोनपे ऐप से आसानी से ले सकेंगे। रिपोर्ट की मानें तो अगले साल के पहले महीने यानी जनवरी 2024 तक ही फोनपे अपने प्लेटफॉर्म पर कंज्यूमर लेंडिंग या कंज्यूमर लोन को लॉन्च करने की योजना बना रही है। इस बारे में मामले की जानकारी रखने वालों के हवाले से ईटी ने एक रिपोर्ट दी है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में, वॉलमार्ट समर्थित कंपनी पर्सनल लोन के लिए एक डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में काम करेगी क्योंकि यह धीरे-धीरे क्रेडिट अंडरराइटिंग का भार बढ़ाती है। इस सुविधा को शुरू करने के लिए कंपनी पांच लेंडर्स, बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों के साथ एकीकरण के फाइनल स्टेज में है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले छह से सात महीनों में फोनपे के पास कई कंज्यूमर (क्रेडिट) उत्पाद होने की उम्मीद है। यह अंडरराइटिंग पर काम कर रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन से ग्राहक लेंडर्स के क्राइटेरिया पर फिट बैठेंगे और फिर धीरे-धीरे उपभोक्ताओं के लिए पेशकश खोलेंगे।

# कैट ने पीएम मोदी की चिंता को बताया वाजिब, 4.74 लाख करोड़ रुपये के खर्च पर 38 लाख शादियां

नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की चिंता को वाजिब बताया है। एक शादी में लगभग 80 फीसदी खर्च, वस्तुओं और सेवाओं पर किया जाता है। जब बाजार में यह पैसा प्रवाहित होता है, तो ऐसा पैसा लोगों के हाथों में वित्तीय तरलता प्रदान करता है। इससे अर्थव्यवस्था एवं भारतीय व्यापार को मदद मिलती है। अगर %डेस्टिनेशन वेडिंग% होती है, तो वह सारा पैसा, दूसरे मुल्क में पहुंचता है। इससे स्वदेश में न तो कारोबार बढ़ता है, और न ही किसी को रोजगार मिलता है। देश से बाहर शादियां करना अब एक स्टेट्स सिंबल के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर पुनर्विचार आवश्यक है। देश में 23 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच लगभग 38 लाख शादियां होने की संभावना है।

38 लाख शादियों पर करीब 4.74 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। शादी सीजन के चलते मेनलाइन रिटेल व्यापार में वस्तुओं और सेवाओं का खूब कारोबार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान दो बातों पर फोकस किया था। एक तरफ उन्होंने वोकल फॉर लोकल पर जोर दिया, तो वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री ने कुछ परिवारों द्वारा विदेश में शादी समारोह करने के चलन पर सवाल उठाया। पीएम मोदी ने इस तरह के आयोजनों को देश में ही करने की अपील की है। डेस्टिनेशन वेडिंग से देश का पैसा बाहर जाता है। शादियों के लिए खरीदारी करते समय, लोगों को सिर्फ भारत में बने उत्पादों को ही ज्यादा महत्व देना चाहिए। कुछ व्यापारिक संगठनों ने शादी के मौजूदा सीजन में करीब 5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद जताई है। आजकल कुछ परिवारों द्वारा विदेश में पहुंचकर शादियां करने का नया माहौल बनाया जा रहा है। क्या यह बहुत जरूरी है? अगर लोग अपने देश की धरती पर शादी करेंगे तो देश का पैसा देश में ही रहेगा। ऐसी शादियों में देश के लोगों की कुछ न कुछ सेवा करने का मौका मिलेगा। गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी के बारे में बता सकेंगे।



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को बताया, प्रधानमंत्री मोदी की चिंता बहुत वाजिब है। उनकी चिंताओं पर उस तबके को गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसने देश के बाहर शादी करने का विकल्प चुना है। देश से बाहर शादियां करना अब एक स्टेट्स सिंबल बनता जा रहा है। पीएम मोदी ने एक बहुत ही वैध मुद्दा उठाया है, जो निश्चित रूप से भारतीय रुपये को देश से बाहर खर्च करने पर रोक लगा देगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी। कोई भी शादी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देती है। अगर अपने देश में शादी होती है, तो देश के लोगों को ही रोजगार मिलेगा। देश के बाहर होने वाली शादियां, काफी हद तक देश और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाती हैं। विदेशी धरती पर किए गए खर्च से देश को कोई लाभ नहीं होता है।

खंडेलवाल ने कहा, कैट की हालिया रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक 4.74 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ लगभग 38 लाख शादियां आयोजित की जाएंगी। यह भारत के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा वरदान है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह का सारा खर्च पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान पर किया जाएगा। ऐसे में प्रधानमंत्री का बयान अत्यंत सामयिक, तार्किक और देश के व्यापक हित में है। सभी लोगों को अक्षरश: पालन किया जाना आवश्यक है। बतौर प्रवीण खंडेलवाल, शादियों का सीजन देवउठान एकादशी यानी 23 नवंबर से शुरू हुआ है। विशेषकर सनातन धर्म को मानने वाले समुदाय में ये शादियां 15 दिसंबर तक चलेंगी। सितारों की गणना के अनुसार, नवंबर में शादी की तारीखें 27, 28 व 29 हैं। इसी तरह दिसंबर के महीने में विवाह की तारीखें 3, 4, 7, 8, 9 और 15 हैं। इन दिनों को विवाह के लिए शुभ दिन बताया गया है। उसके बाद, मध्य जनवरी तक तारा डूब जाएगा। दूसरे चरण में जनवरी के मध्य से विवाह के लिए शुभ दिन शुरू होंगे। वह सीजन जुलाई, 2023 तक जारी रहेगा। ये आंकड़े, विभिन्न राज्यों के 30 शहरों, जिन्हें प्रमुख वितरण केंद्र के रूप में जाना जाता है, में सर्वे करने के बाद जारी किए गए हैं। इसके लिए प्रमुख व्यापारी संगठनों, वस्तुओं और सेवाओं, दोनों में विभिन्न स्टेकहोल्डर्स से बात करने के बाद यह अनुमान लगाया गया है। देशभर में शादियों के इस सीजन में लगभग 38 लाख शादियां होने की संभावना है। इस आंकड़े में कई पहाड़ी एवं रिमोट एरिया शामिल नहीं हैं।

### दिल्ली में होंगी 4 लाख से अधिक शादियां

अगर दिल्ली की बात करें तो इस सीजन में 4 लाख से अधिक शादियां होने की उम्मीद है। इसमें लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। कैट द्वारा निकाले गए अनुमान के आधार पर, खंडेलवाल ने कहा, इस सीजन के दौरान लगभग 7 लाख शादियां 3 लाख रुपये के खर्च पर होंगी। लगभग 8 लाख शादियां ऐसी रहेंगी, जिनमें प्रत्येक पर 6 लाख रुपये खर्च होंगे। 10 लाख शादियां, 10 लाख रुपये प्रति शादी के खर्च के हिसाब से होंगी। 7 लाख शादियां ऐसी होंगी, जिन पर 15 लाख रुपये के हिसाब से खर्च किया जाएगा। पांच लाख शादियां, ऐसी होंगी, जिन पर 25 लाख रुपये के हिसाब से खर्च होगा। 50 हजार शादियां, 50 लाख रुपये के खर्च वाली होंगी। इसके अलावा 50 हजार शादियां, 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक के खर्च के साथ होने की उम्मीद है।

### कहां पर होगा कितना पैसा खर्च

खंडेलवाल के मुताबिक, इस सीजन में विवाह समारोह पर आमतौर से 50 प्रतिशत व्यय, सामान की खरीद पर खर्च होगा। बाकी की 50 प्रतिशत राशि, सेवाओं की खरीद पर व्यय की जाएगी। एक नजर में, माल क्षेत्र में व्यापार का अनुमानित प्रतिशत कपड़ा, साड़ी, लहंगा और गारमेंट्स में 10 फीसदी, आभूषण में 15 फीसदी, इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल्स एवं उपभोक्ता वस्तुओं में 5 फीसदी, ड्राई फ्रूट, फल, मिठाई और नमकीन में 5 फीसदी, खाद्यान्न, किराना व सब्जियों में 5 फीसदी, उपहार वस्तुओं में 4 फीसदी और बाकी 6 फीसदी अन्य विविध वस्तुओं में व्यापार होने की संभावना है। जहां तक सेवा क्षेत्र का सवाल है, एक मोटे अनुमान के अनुसार, बैंक्वेट हॉल, होटल और अन्य विवाह स्थलों पर 5 फीसदी, इवेंट मैनेजमेंट पर 5 फीसदी, टैंट सजावट पर 12 फीसदी, खानपान सेवाओं पर 10 फीसदी, फूलों की सजावट पर 4 फीसदी, 3 प्रतिशत ट्रैवल एवं कैब सेवाओं पर, फोटो और वीडियो शूट पर 2 प्रतिशत, ऑर्केस्ट्रा, बैंड आदि पर 3 फीसदी, लाइट और साउंड पर 3 फीसदी व अन्य विविध सेवाओं पर शेष 3 फीसदी राशि खर्च होगी।

# नीतिगत दरों में कमी का दौर वापस आ सकता है नये वर्ष में : श्रीराम फाइनेंस

मुंबई। अर्थव्यवस्था की स्थिति पर नवंबर की रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में भारत के बारे में उत्साहजन टिप्पणियों का संदर्भ देते हुये प्रमुख गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने उम्मीद जाताई है कि केंद्रीय बैंक आगामी समीक्षा में नीतिगत ब्याज को वर्तमान स्तर पर स्थिर रख सकता है पर नये वर्ष में ब्याज में नरमी की शुरुआत हो सकती है। फर्म को यह भी उम्मीद है कि आगे की समीक्षाओं में ब्याज दर घटाने का दौर भी शुरू हो सकता है। श्रीराम फाइनेंस कार्यकारी उपाध्यक्ष उमेश रेवनकर ने रिजर्व बैंक की आगामी समीक्षा से पहले एक बयान में कहा ,नवंबर के लिए अर्थव्यवस्था की स्थितिपर आरबीआई के मासिक बुलेटिन में स्वीकार किया गया है कि त्योहारों के चलते मांग मजबूत रही और उपभोक्ताओं का उत्साह सकारात्मक है। श्री रेवनकर ने सोमवार को टिप्पणी की, आरबीआई की रिपोर्ट में अक्टूबर में मुद्रास्फीति के गिर कर 4.7 प्रतिशत तक आने का भी उल्लेख है। (रिपोर्ट के) इन वक्तव्यों ने नीतिगत दरों में गिरावट के दौर की वापसी की उम्मीद जगायी है। श्री रेवनकर ने कहा, वैसे तो पिछली कुछ तिमाहियों के मुद्रास्फीति के आंकड़े उत्साहजनक रहे हैं, पर हम आरबीआई के विचार से सहमत हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था अभी भी संकट से बाहर नहीं है। ऐसे में, हम उम्मीद करते हैं कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो दर को वर्तमान 6.5 प्रतिशत पर बनाये रखेगी क्योंकि इसका लक्ष्य बैंकिंग प्रणाली में तरलता को नियंत्रित करके मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाना है । हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष की शुरुआत तक दरों में कोई कटौती नहीं होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि एनबीएफसी के लिए कुछ तरह के कर्जों के लिये जोखिम का भार बढ़ाने के केंद्रीय बैंक के फैसले से कर्ज में वृद्धि का प्रवाह अस्थायी रूप से प्रभावित होगा। उन्हेंने कहा, हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में तरलता (कर्ज देने योग्य उपलब्ध धन) के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिये बैंकों पर उपभोक्ता ऋृण, क्रेडिट कार्ड के बाकायों और एनबीएफसी को कर्ज पर जोखिम भार को प्रतिशत 25 अंक बढ़ाकर 125 प्रतिशत तक कर दिया है।

उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से इस बात की ओर संकेत है कि आरबीआई, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मामले में किसी तरह की ढिलायी के मूड में नहीं है, जो ठीक ही है। पर उनका यह भी कहा है भारतीय रिजर्व बैंक के तरलता नियंत्रण के इन उपायों का एनबीएफसी द्वारा कर्ज के पैसे से एमएसएमई को कर्ज देने के कारोबार पर प्रभाव पड़ेगा और ऋृण वृद्धि पर कुछ समय के लिये ब्रेक लग जायेगा।

### केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर और ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे भारत के सबसे बड़े स्टार्ट-अप- टेक सम्मेलन की अध्यक्षता

नई दिल्ली। यॉरस्टोरी के प्रमुख आयोजन और भारत के मुख्य स्टार्ट-अप सम्मेलन टेक स्पार्क्स ने दिल्ली में अपने प्रीमियम एडीशन के आयोजन की घोषणा की है। यह सम्मेलन प्रतिभाशाली एवं दिग्गज लीडर्स को एक ही मंच पर लाकर देश को ग्लोबल टेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैंगलुरू में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने और 2022 में मुंबई में लॉन्च के बाद अब टेक स्पार्क्स भारत की राजधानी की ओर रूख कर रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 29-30 नवम्बर 2023 को पुलमैन नई दिल्ली, एरोसिटी में किया जाएगा। ग्रेट इंडियन टेकेड को आकार देने में राजधानी की मुख्य भूमिका पर रोशनी डालते हुए टेक स्पार्क्स दिल्ली उद्यमियों, नीति निर्माताओं, टेक्नोलॉजिस्ट्स, निवेशकों, मेंटर्स एवं बिज़नेस लीडर्स को एक ही मंच पर लेकर आएगा। सम्मेलन इस बात पर रोशनी डालेगा कि किस तरह इनोवेटर्स पॉलिसी एवं टेक (नीतियों एवं तकनीक) को एक दूसरे के साथ जोड़कर विश्वस्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। सम्मेलन के मुख्य प्रवक्ताओं में शामिल थे- श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री, भारत सरकार; श्री राजीव चन्द्रशेखर, विद्युत एवं सूचना प्रोद्यौगिकी, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार; विजय शेखर शर्मा, संस्थापक एवं सीईओ, पेटीएम; मुकेश बंसल, सह-संस्थापक एवं सीईओ, कल्ट फिट; दीपिन्दर गोयल, सह-संस्थापक एवं सीईओ, ज़ोमेटो; अमन गुप्ता, सह-संस्थापक एवं सीएमओ, बोट लाईफस्टाइल; हितेश धींगरा, संस्थापक, द मैन कंपनी; अंकुर वारिकु, उद्यमी, लेखक एवं क्रिएटर; और विलियम बिसेल, चेयरपर्सन, फैबइंडिया; आदि।

### बेहतर सेवानिवृत्ति को वित्तीय साधन में करें निवेश

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच रहे कई लोगों के बीच यह एक आम बात है कि उनके पास बहुत पैसा है। उनके पास पैसा तो है, लेकिन ये पैसे एक ऐसे साधन जैसे रियल एस्टेट और सोना में लगे हैं। इसका मतलब यह है कि आप रिटायरमेंट के बाद जरूरत पर इन दोनों संपत्तियों को बेच नहीं सकते हैं। ऐसे में अगर इन दोनों के साथ-साथ वित्तीय साधन में भी निवेश करते हैं तो रिटायरमेंट के समय आपको जरूरतें पूरी करने के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर 57 वर्षीय संजय की छोटी बेटी भारत में तीन साल में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी कर लेगी। बेटा अमेरिका में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है। इस स्तर पर दोनों पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं हैं। संजय को लगता है कि बच्चों को कुछ और वर्षों तक उनके मदद की जरूरत होगी। नोएडा और गाजियाबाद में उनके दो फ्लैट हैं। नोएडा के फ्लैट में उनके माता-पिता रहते हैं और दूसरा फ्लैट अब से एक साल में उनके पास आ जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में उनकी पत्नी ने दो किलो सोना खरीदा है। उन्हें लगता है कि सोनो में किया गया निवेश अच्छा है। फिक्स्ड डिपॉजिट व बीमा पॉलिसियों के साथ उनकी संपत्ति 7 करोड़ रुपये है। दो फ्लैटों की कीमत 4.5 करोड़ रुपये है। 1.5 करोड़ का सोना, 60 लाख का एफडी और 40 लाख रुपये शेयर और म्यूचुअल फंड में हैं। मुझे पता है कि उन्होंने अच्छा किया है, पर दुर्भाग्यवश, वह वास्तव में गरीब हैं। गरीब इसलिए क्योंकि वह अपना घर नहीं बेच सकते। एक फ्लैट में उनके माता-पिता हैं और दूसरा अभी भी उनके कब्जे में नहीं है।

# इंजीनियरिंग निर्यात अक्टूबर में 18 प्रमुख बाजारों में बढ़ा

**नयी दिल्ली।** भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में वैश्विक स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी सहित 25 शीर्ष बाजारों में से 18 बाजारा में अक्टूबर 2023 में वृद्धि दर्ज की गयी। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि चीन, इटली, सिंगापुर और इंडोनेशिया उन देशों में शामिल हैं, जहां इस अवधि के दौरान भारत से इंजीनियरिंग शिपमेंट में गिरावट देखी गई।




विज्ञप्ति के अनुसार अक्टूबर में अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य 139.15 करोड़ डॉलर था, जो अक्टूबर 2022 में 1,36.1 करोड़ डालर के मुकाबले साल-दर-साल 2.2 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को इंजीनियरिंग निर्यात साल-दर-साल 2.9 प्रतिशत बढ़कर 34.86 करोड़ डॉलर हो गया। इस अवधि में ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अक्टूबर 2023 में 60.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 30.25 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। अक्टूबर में जर्मनी को इंजीनियरिंग निर्यात 20 प्रतिशत बढ़ा पर इसी माह चीन को इंजीनियरिंग निर्यात 6.4 प्रतिशत घटकर 21.32 करोड़ , इंडोनेशिया को निर्यात 18.2 प्रतिशत गिरकर 12.29 करोड़ डॉलर रहा।

कुल मिलाकर, भारत से इंजीनियरिंग निर्यात अक्टूबर 2022 के 7,55 करोड़ डालर से बढ़कर अक्टूबर 2023 में 8,09.420 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 के लिए संचयी इंजीनियरिंग निर्यात में 1.61 प्रतिशत की गिरावट आई, और यह 61.63 अरब डॉलर रहा।

ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा, इस गिरावट में सबसे बड़ा कारण धातु क्षेत्र में गिरावट , विशेष रूप से लोहा और इस्पात क्षेत्र में गिरावट का रहा । इस्पात क्षेत्र में गिरावट 20 प्रतिशत और एल्यूमीनियम तथा उसके उत्पादों के निर्यात में गिरावट लगभग 25 प्रतिशत की रही।

# एसएंडपी ने वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 6.4 फीसदी किया

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत की जीडीपी दर तेज बने रहने की उम्मीद है। सकल घरेलू उत्पाद पर रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के आंकड़ों से सकारात्मक संदेश मिला है।

एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत किया है। एजेंसी का मानना है कि अर्थव्यवस्था के सामने पैदा होने वाले प्रतिकूल हालात की भरपाई मजबूत घरेलू गति से होगी।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की तरफ से सोमवार को जारी बयान में कहा गया, चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत हो सकता है।

एजेंसी ने कहा कि विकास की मजबूत घरेलू गति के कारण उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और कमजोर निर्यात जैसी



अड़चनें दूर हुई हैं। हालांकि, चालू वित्त विर्ष में तेज आर्थिक विकास के बाद भारत की जीडीपी ग्रोथ पर अगले साल ब्रेक लगने की भी आशंका है। अगले वित्त वर्ष (2024-25) में एसएंडपी ने जीडीपी विकास का अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है।

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक उच्च आधार, कमजोर वैश्विक विकास और ब्याज दरों में उछाल जैसे कारकों का बड़ा असर दिखेगा। इस कारण जीडीपी विकास धीमा रह सकता है।

खबरों के मुताबिक एसएंडपी का अनुमान दूसरी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की तुलना में कहीं अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, कृषि विकास बैंक (एडीबी) और फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

एशिया प्रशांत क्षेत्र के देशों की जीपीडी पर एसएंडपी ने कहा, इस साल और अगले साल विकास दर सबसे मजबूत होने के आसार हैं। भारत में निजी उपभोक्ता खर्च की तुलना में निश्चित निवेश में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

ठोस घरेलू मांग के साथ उभरते बाजार वाली अर्थव्यवस्थाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। भारत के अलावा इंडोनेशिया, मलयेशिया और फिलीपींस में भी तेज विकास का अनुमान है। गौरतलब है कि भारत के केंद्रीय बैंक- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मौजूदा और अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। सरकार के मुताबिक मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी।

इसके बाद जून, 2023-24 की तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी सालाना आधार पर 7.8 फीसदी बढ़ी। मार्च की तिमाही में यह आंकड़ा काफी नीचे-6.1 फीसदी था।

बता दें कि मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने पिछले साल मई में बेंचमार्क ब्याज दरों को बढ़ाने की घोषणा की थी। इस एलान के बाद ब्याज दरों में 250 आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि, फरवरी, 2023 के बाद से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है।

### छोटी कंपनियों पर नकेल, कॉरपोरेट गवर्नेंस और मजबूत हुआ

नई दिल्ली। छोटे और मझोले (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध और वहां से मुख्य प्लेटफॉर्म पर आने वाली कंपनियों के लिए नियम और सख्त हो गए हैं।

अब इनको ज्यादा कॉरपोरेट गवर्नेंस का पालन करना होगा। ताजा मामले में बीएसई ने कहा है कि मुख्य प्लेटफॉर्म पर वही कंपनियां आ पाएंगी, जो तीन साल तक एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध रहेंगी। नियम एक जनवरी, 2024 से लागू होगा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने रविवार को कहा, एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने के लिए आवेदक के पास पिछले दो वित्त वर्षों में कम से कम 15 करोड़ रुपये की नेटवर्थ होनी चाहिए।

बीएसई के मुख्य प्लेटफॉर्म पर आने से पहले कंपनी के पास 250 पब्लिक शेयरधारक होने चाहिए। यह नियम पहले भी था, पर अब यह अनिवार्य हो गया है। तीन वित्त वर्षों में किसी दो वर्ष में परिचालन लाभ होना चाहिए। मुख्य प्लेटफॉर्म पर आने से पहले के वर्ष में शुद्ध मुनाफे में कंपनी होनी चाहिए।

इसी तरह आवेदक की चुकता इक्विटी पूंजी 10 करोड़ रुपये से अधिक हो और बाजार पूंजीकरण 25 करोड़ रुपये हो। आवेदक कंपनी, उसके प्रमोटर और उसकी सहायक कंपनी पर सेबी का प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। पिछले तीन वर्षों में किसी भी एक्सचेंज ने कंपनी और उसके प्रवर्तकों को निलंबित नहीं किया हो।

अब तक 464 कंपनियां बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हुई हैं। इसमें से 181 कंपनियां मुख्य प्लेटफॉर्म पर जा चुकी हैं।

## शार्ट न्यूज

### तमिलनाडु में 19 से 31 जनवरी तक आयोजित होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024

चेन्नई। भारत सरकार के खेलों को बढ़वा देने की मुहिम के तहत तमिलनाडु में होने वाले खेलो इंडिया का छठा संस्करण में अंडर-18 आयु वर्ग में 19 से 31 जनवरी तक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तमिलनाडु के चार शहरों चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै और त्रिची में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम (केआईवाईजी)2024 में ओलंपिक, गैर-ओलंपिक और साथ ही स्वदेशी गेम्स में पूरे देश से पांच हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। सिलंबम 'भारतीय मार्शल आर्ट का एक रूप' को केआईवाईजी 2024 के कार्यक्रम में एक डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया है। यह खेल एक टीम चैंपियनशिप के प्रारूप में संचालित होते हैं,इसमें व्यक्तिगत एथलीटों या टीमों द्वारा अर्जित पदक उनके संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की पदक तालिका में योगदान करते हैं। प्रतियोगिता के समापन पर सबसे अधिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाले राज्य या केंद्रशासित प्रदेश को विजेता घोषित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि केआईवाईजी 2023 का आयोजन मध्य प्रदेश और नई दिल्ली के आठ शहरों में किया गया था। भारत के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच हजार से अधिक एथलीटों ने 27 खेलों में 973 पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा की। मेज़बान राज्य मध्य प्रदेश का पांच सौ एथलीटों का सबसे बड़ा दल था।

### विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु ने बंगाल को पांच विकेट से हार गया

मुंबई। विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबलों में सोमवार तमिलनाडु, कर्नाटक,राजस्थान, आंध्र प्रदेश, मुंबई, पुडुचेरी ने गुजरात अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। तमिलनाडु ने क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप ई मुकाबले में बंगाल को पांच विकेट से हार गया। आज यहां गीली आउटफील्ड के कारण देरी से बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल को तमिलनाडु के गेंदबाजों के सामने कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ा और उसने चार ओवर में 12 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद अभिषेक पोरेल (14), अनुष्टुप मजूमदार (11), शाकिर हबीब गांधी (19) और शाहबाज़ अहमद (20) सभी ने अच्छी शुरुआत की। लेकिन बंगाल को बड़ी पारी में बदलने में असफल रहे और पूरी टीम 23.4 ओवर में 84 रन पर सिमट गई। तमिलनाडु के लिए संदीप वारियर ने 23 रन देकर चार विकेट, टी नटराजन ने 20 रन देकर दो विकेट, बाबा अपराजित ने 18रन देकर दो विकेट, आर साई किशोर और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 85 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु के बल्लेबाजों को भी शुरुआत के बाद बंगाल के गेंदबाजों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। दिनेश कार्तिक की अगुवाई वाली टीम ने 65 रन पर पांच विकेट खो दिए, लेकिन बाबा इंद्रजीत (नाबाद 17) और शाहरुख खान (नाबाद 9) ने धैर्य से खेलते हुए तमिलनाडु को जीत दिलाई।

### एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में सचिन और सागर जीते अपने मुकाबले

शिलांग। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता सागर (92 प्लस किग्रा) वर्ग और 2021 विश्व युवा स्वर्ण पदक विजेता सचिन ने (57 किग्रा) वर्ग में सोमवार को सातवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने-अपने मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। आज यहां एसएससीबी के लिए खेलते हुए सचिन पहले राउंड से ही शानदार प्रदर्शन करते हुए शक्तिशाली मुक्के पंजाब के विशाल कुमार को 5-0 से हरा दिया। अब मंगलवार को राउंड 16 के मुकाबले में उनका सामना राजस्थान के रोशन सैनी से होगा। आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) का प्रतिनिधित्व कर रहे सागर को रेफरी द्वारा पहले राउंड में प्रतियोगिता के फैसले को रोककर उत्तराखंड के शुभम सिंह को हराने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। राउंड 16 के मुकाबले में मंगलवार को सागर का मुकाबला एसएससीबी के सतीश कुमार से होगा। एसएससीबी के मौजूदा विश्व युवा चैंपियन वंशज (63.5 किग्रा) ने भी अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) के आशीष के खिलाफ शुरुआत उत्कृष्ट तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी पर 5-0 से जीत दर्ज की। वंशज मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में उत्तर प्रदेश के रतनदीप शर्मा से भिड़ेंगे। तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन वरिंदर सिंह (60 किग्रा) वर्ग ने भी महाराष्ट्र के विशाल नुपे पर 5-0 की सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ 16वें राउंड में पहुंच गए। राउंड 16 के मुकाबले में वरिंदर का मुकाबला मंगलवार को राजस्थान के लोकेश खिची से होगा। इस चैंपियनशिप में 13 भार वर्गों में कुल 350 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

### बंगलादेश की बदली हुई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले को बनायेगी रोमांचक

सिलहट। बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में युवाओं के समायोजन वाली बदली हुई टीम मुकाबले को रोमांचक बनायेगी। बंगलादेश के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला युवाओं के लिए एक रोमांचक अवसर है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद न्यूजीलैंड के साथ घरेलू मैदान पर होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम प्रारूप में बदलाव करेगा। इस सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से श्रृंखला से बाहर हो रहे हैं, टीम एक नए रूप में होगी। शाकिब अल हसन उंगली की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे, लिटन दास को पितृत्व अवकाश पर है और तस्कीन अहमद को कंधे की चोट के कारण बाहर रहेंगे। इसके अलावा सीनियर ओपनर तमीम इकबाल भी दावेदारी से बाहर हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार हाथुरुसिंघा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि इतना अनुभव खोना बंगलादेश के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, किसी भी टीम से विशेषकर बंगलादेश के लिए इतना अनुभव खोना चुनौतीपूर्ण है। वे लोग 15 साल से अधिक समय से हर प्रारूप में टीम का हिस्सा रहे हैं इनमें से कुछ दस साल से टीम में है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब केवल यह है कि बंगलादेश की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए अवसर खुल गए हैं। हथुरुसिंघा ने कहा, हालांकि यह आगे देखने वाली बात है कि युवा क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव का भी समय है।

### दिल्ली फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग में लगी गोलों की झड़ी

नयी दिल्ली। फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग में सुदेवा एफसी, गढ़वाल एफसी, जुबा संघा, ईमी हीरोज और दिल्ली एफसी की युवा टीमें ने कमजोर प्रतिद्वंद्वियों पर गोलों की झड़ी लगाते हुए अपने मुकाबले जीते हैं। दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) की देखरेख में खेली जा रही पहली फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग में राजधानी के जाने-माने क्लबों की 19 साल तक के खिलाड़ियों से सजी टीमें अपना विजय अभियान बनाए हुए हैं। यूथ लीग में कुल 16 क्लब भाग ले रहे हैं, जिन्हें आठ-आठ के दो ग्रुपों में बांटा गया है। प्रत्येक टीम को डबल लेग लीग के आधार पर कुल 14 मैच खेलने हैं। अंततः टॉप छह टीमों को राउंड रॉबिन लीग के आधार पर खेलना है और शीर्ष एक या दो टीमें सीधे आई-लीग में भाग लेने की पात्र होंगी। अब तक खेले गए बड़े स्कोर वाले मुकाबलों में सुदेवा दिल्ली ने 90 मिनट्स एफसी को 21-1, जुबा संघा ने सीमा पुरी को 17-0, दिल्ली एफसी ने 90 मिनट्स एफसी को 24-0, गढ़वाल एफसी ने ग्लोरियस को 7-1, द ड्रीम टीम ने सीमा पुरी को 18-0 से करारी शिकस्त दी। यूथ लीग का आयोजन होम एंड अवे आधार पर किया जा रहा है। डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता के अनुसार 'फ्यूचर स्टार्स यूथ लीग' जैसा कि नाम से स्पष्ट है, दिल्ली और अन्य राज्यों को ऐसे आयोजनों से भविष्य के खिलाड़ी मिलेंगे, जो कि अपने क्लब और देश के लिए सेवाएं दे सकते हैं। डीएसए के क्लब अधिकारियों की राय में यूथ लीग के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

# सभी खिलाड़ी काफी अच्छा खेल रहे है : सूयकुमार

**एजेंसी**



तिरुवंनतपुरम । भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी खिलाड़ियों के अच्छा खेलने से कप्तान के रूप में मेरे ऊपर दबाव नहीं बनने दे रहे है।

सूर्यकुमार यादव ने कल टी-20 श्रृंखला का दूसरा मुकाबला जीतने के बाद कहा, सभी खिलाड़ी काफी अच्छा कर रहे हैं। साथ ही वह मेरे ऊपर एक कप्तान के तौर पर ज्यादा दबाव नहीं बनने दे रहे हैं। मैंने पहले ही अपने खिलाड़ियों से कह दिया था कि पहले बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहें और उसी हिसाब से तैयार करें। पिछले मैच में भी हमने रिंकू सिंह को देखा था और इस मैच में भी उन्होंने काफी अच्छा खेला।

रिंकू सिंह ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मैं काफ़ी समय से इस पोज़िशन पर खेल रहा हूं। मैं पूरा प्रयास करता हूं कि स्वयं को शांत रखूं। मैं ज्यादा कुछ नहीं सोचता, बसी यही चाहता हूं कि जैसा गेंद आए, वैसा शॉट खेला जाए। हमारे ड्रेसिंग रूम का माहौल काफ़ी अच्छा है। मुझे फ़िनिश करने का काम दिया गया है और मैं अपने दिमाग में भी वही रखता हूं। मैं अभ्यास भी उसी तरह से करता हूं कि मुझे अंतिम के पांच-छह ओवर में बल्लेबाज़ी करने को मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया के चोटिल कप्तान मैथ्यू वेड की जगह उनके आंद्रे बोरोवेक बात करने आए। उन्होंने कहा, गेंदबाजी में हमने अच्छा किया लेकिन अपने प्लान को ठीक से इंप्लीमेंट नहीं कर पाए। पहले छह ओवर में हमारी गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं थी। ऐसे परिस्थितियों में आप अपने प्लान और इंटेंट में कोई गलती नहीं कर सकते। हम सही निर्णय ले रहे हैं लेकिन उन्हें लागू नहीं कर पा रहे हैं।

'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजे गये यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं आज आज बिना किसी डर के बल्लेबाजी करना चाह रहा था और मैंने वैसा ही किया। मैं अपने बल्लेबाजी का आनंद ले रहा था। मुझे सूर्या भाई ने कहा था कि खुल कर खेलना है और मैं वही करने का प्रयास कर रहा था।

मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि स्वयं को बेहतर बनाया जाए। मैं अपने आस-पास के खिलाड़ियों से सीखने का प्रयास करता हूं। पिछले मैच में मैंने गलती की थी, जिसके कारण ऋतुराज आउट हुए थे। उसके बाद मैंने अपनी गलती मानते हुए उन्हें सॉरी भी कहा है। हालांकि वह बहुत की विनम्र हैं। मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपने फिटनेस पर काम किया जाए ताकि मैं हर दिन बेहतर बन सकूं।

# गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को बनाया टीम का नया कप्तान

नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए टीम का नया कप्तान बनाया है।



गुजरात फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार शुभमन गिल आईपीएल के अगले सत्र के लिए टीम के कप्तान होंगे। गिल पहली बार आईपीएल में किसी टीम का नेतृत्व करेंगे।

गिल ने गुजरात टाइटंस की कप्तानी मिलने पर कहा, मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास दो असाधारण सीज़न हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं।

उल्लेखनीय है कि रविवार को गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में चले गए थे। मुंबई ने आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी ट्रेड करते हुए 15 करोड़ में हार्दिक को अपनी टीम में शामिल किया था।

# कृष्णा ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी के प्रयासों की प्रशंसा की

तिरुवनंतपुरम। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टी-20 श्रृंखला के मुकाबलों में अपनी टीम की शानदार शुरुआत के दौरान मजबूत प्रभाव डालने का श्रेय कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव को दिया है।

कृष्णा ने रविवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तीन मूल्यवान विकेट चटकाए थे। भारत ने इस श्रृंखला में लगातार दूसरी जीत दर्ज 2-0 की मजबूत बढ़ बना ली है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 44 रनों की जीत के दौरान सूर्यकुमार बल्ले से सिर्फ 19 रन बना सके थे, लेकिन कृष्णा का मानना है कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेते हुए दुनिया में नंबर एक रैंक वाले टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार का प्रभाव और भी अधिक है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह उनके (सूर्यकुमार) बल्लेबाजी करने के तरीके से पता चलता है, उनकी कप्तानी में भी काफी समान है।

कृष्णा ने कहा, वह अपने खिलाड़ियों पर भरोसा करते हैं, हम जो करना चाहते हैं उसे करने में हम सभी का समर्थन करते हैं और अगर कुछ भी गलत होता है तो वह हमारा समर्थन करने के लिए हमारे पीछे मौजूद हैं।

उन्होंने कहा, इसी का नाम खेल है और फिर यह स्वतंत्रता के इर्द-गिर्द घूमता है और वहां अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करता है तथा टीम में हर कोई एक-दूसरे पर भरोसा करता है। उन्होंने स्वीकार किया कि गेंदबाजी समूह के लिए मैच के अंत में ग्रीनफील्ड स्टेडियम में गिरी ओस से तालमेल बिठाना मुश्किल था। उन्होंने विश्व कप के दौरान टीम का हिस्सा बनकर कुछ मूल्यवान सबक सीखे। कृष्णा ने कहा कि विश्वकप टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए सीखने का एक बड़ा अनुभव था।

# एचएस प्रणॉय करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

लखनऊ। नवाबों के शहर गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में मंगलवार से होने वाली सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष दल की अगुवाई स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणॉय करेंगे

एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 चैपियनशिप में 18 देशों के स्टार शटलर सहित 250 खिलाड़ी स्पर्धा करेंगे।

युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ, लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल 2023 में प्रतिस्पर्धा करने वाला भारतीय बैडमिंटन दल घरेलू कोर्ट पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेगा।

बीडब्ल्युएफ सुपर 300 इवेंट सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल इस साल देश में आयोजित होने वाला शीर्ष बैडमिंटन स्पर्धा है।



भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय करेंगे। वह बैडमिंटन रैंकिंग में 8वें स्थान पर मौजूद भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं।

दुनिया के 17वें नंबर के चौथे वरीय लक्ष्य सेन और छठी वरीयता प्राप्त दुनिया के 23वें नंबर के किदांबी श्रीकांत भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस महीने की शुरुआत में सुरक्षात्मक रैंकिंग चुनने के बाद पीवी सिंधु सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने महिला एकल खिताब को डिफेंड नहीं करेंगी। हालांकि,बीडब्ल्युएफ खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, मालविका बंसोड़ और पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक तस्नीम मीर जैसी खिलाड़ी भी प्रभावित करने के लिए तैयार होंगी।

कॉमनवेल्थ गेम्स की कांस्य पदक विजेता त्रिसा जॉली-गायत्री गोपीचंद महिला युगल में शीर्ष भारतीय जोड़ी होंगी।

तनीषा क्रेस्टो महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाएंगी और ध्रुव कपिला के साथ मिश्रित युगल में अपने खिताब को डिफेंड करने की कोशिश करेंगी।

सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद दिसंबर के पहले दो हफ्तों में क्रमशः गुवाहाटी और ओडिशा में बैक-टू-बैक बीडब्ल्युएफ सुपर 100 स्पर्धा आयोजित की जायेगी।

सैयद मोदी इंटरनेशनल 2023 में भाग लेने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम इस प्रकार है –

पुरुष एकल: एचएस प्रणॉय, प्रियांशु राजावत, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ, एस सुब्रमण्यम, बी साई प्रणीत

क्वालीफायर : सतीश कुमार करुणाकरण, समीर वर्मा

पुरुष युगल : अच्युतादित्य राव डोड्डावारापु-वेंकट हर्ष वर्धन रायुडू वीरमरेड्डी, हरिहरन अम्सकरुनन-रुबन कुमार रेथिनसबापति, ध्रुव कपिला-विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला, पीएस रविकृष्ण-शंकर प्रसाद उदयकुमार, कृष्ण प्रसाद गरगा-साई प्रतीक के

क्वालीफायर : आयुष-अग्रवाल-नितिन कुमार, विमलराज अन्नादुराई-नवीन प्रशांत ईश्वरमूर्ति, संतोष गजेंद्रन-मौर्यन कथिरावन, आयुष मखीजा-वेंकट गौरव प्रसाद, फरोग संजय अमन-अभ्युदय चौधरी, प्रतीक रानाडे-झाकुओ सेयी

महिला एकल : आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, अश्मिता चालिहा, तान्या हेमंत, तस्नीम मीर

# समुद्र के अंदर सीक्रेट टनल बना सकते हैं रूस-चीन

## रिपोर्ट में खुलासा- 17 किलोमीटर लंबी सुरंग रूस को क्रीमिया से जोड़ेगी

रूस और चीन साथ मिलकर समुद्र के अंदर एक सीक्रेट सुरंग बनाने पर चर्चा कर रहे हैं। 17 किलोमीटर (11 मील) लंबी यह सुरंग रूस को क्रीमिया से जोड़ेगी। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक दोनों देशों के बिजनेसमैन ने रूस-क्रीमिया टनल प्रोजेक्ट पर बातचीत की है।

रूस और चीन की नजदीकियां किसी से छुपी नहीं हैं, लेकिन यहां हैरानी की बात यह है कि चीन एक ऐसे इलाके में प्रोजेक्ट पर रूस का साथ देने की सोच रहा है, जिसे वो मान्यता नहीं देता। दरअसल, रूस ने 2014 में क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। चीन ने अब तक इस कब्जे को मान्यता नहीं दी है। आसान शब्दों में कहें तो चीन अब भी क्रीमिया को रूस का हिस्सा नहीं मानता है।

### 8 अक्टूबर 2022 को यूक्रेन ने कर्च ब्रिज पर हमला किया था

रिपोर्ट के मुताबिक, रूस और चीन समुद्र के अंदर जिस सीक्रेट सुरंग को बनाने पर चर्चा कर रहे हैं, उसे कर्च ब्रिज के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, रूस-यूक्रेन जंग के



बीच 8 अक्टूबर 2022 को यूक्रेनी सैनिकों ने कर्च ब्रिज पर हमला कर दिया था। धमाके में पुल का एक हिस्सा गिर गया था।

### चीन की सरकारी कंपनी क्रीमिया में सड़कें बनाने को भी तैयार

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चाइनीज रेलवे कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन ने बताया कि उनके कर्मचारी क्रीमिया में रेलवे और सड़क बनाने से जुड़े प्रोजेक्ट पूरे करने के लिए तैयार हैं। CRCC चीन की सरकारी कंपनी है।

रिपोर्ट में रूसी बिजनेसमैन व्लादिमिर कलयुजनी के ई-मेल के हवाले से कहा गया कि उन्होंने सुरंग परियोजना के लिए ठेकेदार के रूप में काम करने में रुचि दिखाई है। हालांकि कलयुजनी ने इस बात को खारिज कर दिया। उन्होंने रूस और CRCC के बीच किसी भी तरह के सहयोग पर बात करने से साफ इनकार कर दिया।

### रूस के लिए बेहद अहम है कर्च ब्रिज

कर्च ब्रिज सैन्य रूप से रूस के लिए बेहद अहम है। इसका बदला लेने के लिए रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में 80 से ज्यादा मिसाइलें दागी थीं। रूस ने 2014 में यूक्रेनी इलाके क्रीमिया को अपने कब्जे में ले लिया था।

इसके बाद इस इलाके को रूस से जोड़ने के लिए समंदर में कर्च पुल को बनाया था। इस ब्रिज को क्रीमिया पर रूस के कब्जे के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है।

### यूरोप का सबसे लंबा ब्रिज है

रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले कर्च ब्रिज यूरोप का सबसे लंबा ब्रिज है। इसकी लंबाई 19 किलोमीटर है। इसे क्रीमिया ब्रिज भी कहते हैं। मई 2018 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इसका उद्घाटन ट्रक चलाकर किया था।

रूस ने यह ब्रिज 3.7 बिलियन डॉलर यानी 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनाया। इस पर दो रेलवे ट्रैक और चार लेन वाली रोड हैं। इस ब्रिज को पुतिन के करीबी और पूर्व जूडो पार्टनर अर्कडी रोटेनबर्ग की फर्म ने बनाया था।

2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन विंटर ओलिंपिक्स की इनॉगरेशन सेरेमनी के लिए बीजिंग पहुंचे थे। यहां उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान को चीन का अभिन्न हिस्सा माना। साथ ही ताइवान की किसी भी रूप में स्वतंत्रता के दावे को खारिज कर दिया।

# बंधकों के मुक्त होने तक अस्थायी संघर्ष विराम जारी रहने की उम्मीद : बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल और हमास के बीच अस्थायी संघर्ष विराम बंधकों को रिहा किये जाने तक जारी रहने की उम्मीद जतायी है। बाइडेन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम तब तक जारी रहेगा जब तक कि बंधकों को मुक्त नहीं कर दिया जाता। उन्होंने कहा चार साल की बंधक अबीगैल एडन ने गत सात अक्टूबर को इज़रायल में हमास के लड़ाकों द्वारा किए गए हमले के दौरान अपने माता-पिता को मरते हुए देखा था। एडन को उसी समय से बंधक बनाकर रखा गया है। उसने जो सहा वह अकल्पनीय है। इस बीच हमास ने कहा है कि इजरायल फिलिस्तीनी बंदियों को मुक्त करने का प्रयास करता है तो वह बंधकों की रिहाई के क्रम में चौथे दिन सोमवार को अंतिम बंधकों को छोड़ने पर सहमत होगा। हमास ने यह भी कहा है कि उसने 13 इजरायली, तीन थाई और रूसी नागरिकता वालों को मुक्त कर दिया है। इसी दौरान रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने पुष्टि की कि उसने रविवार को मुक्त हुए नागरिकों को सुरक्षात्मक तरीके से गाजा से स्थानांतरित कर दिया है।

## इजरायल-गाजा संघर्ष पर बाइडेन प्रशासन में मतभेद

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन हाल ही में इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर एकमत होने में असमर्थता के कारण आंतरिक विभाजन से ग्रस्त हो गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले नवंबर में व्हाइट हाउस के लगभग 20 कर्मचारियों ने गाजा पट्टी में नागरिकों की मृत्यु दर को कम करने के लिए वर्तमान प्रशासन की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के शीर्ष सलाहकारों के साथ एक बैठक का अनुरोध किया था। व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ जेफ जिएंट्स, वरिष्ठ सलाहकार अनीता डन और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर के साथ एक बैठक पर टिप्पणी करते हुए, अधिकारियों में से एक को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि कर्मचारियों की बात सुनने के बावजूद सहयोगियों ने परिचित बातों का सहारा लिया। कथित तौर पर प्रशासन को इस बात से सावधान रहना था कि वह खुले तौर पर इजरायली अभियानों की आलोचना न करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी इजरायल पर नागरिक हताहतों की संख्या को कम करने के लिए दबाव डाल रहे थे जबकि श्री बाइडेन और उनके सलाहकारों ने चल रहे संघर्ष के लिए दो-देश समाधान की वकालत की।

## इजरायल ने रिहा किए जाने वाले बंधकों की सूची प्राप्त होने की पुष्टि

यरूशलेम। इजरायल ने पुष्टि की है कि उसे रातों-रात बंधकों की एक सूची मिल गई है जिन्हें सोमवार को हमास द्वारा रिहा किया जाना है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। हमास ने अब तक कुल 58 बंधकों को रिहा किया है जबकि इजरायल ने 117 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। पिछले हफ्ते कतर ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों एवं बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के समझौते में मध्यस्थता की थी। इजरायली और विदेशी बंधकों के पहले समूह को शुक्रवार को एन्क्लेव से रिहा कर दिया गया। इससे पहले इजरायल ने हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत रविवार को 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया, जिनमें 24 महिलाएं भी शामिल हैं। हमास की ओर से महिलाओं और बच्चों सहित 13 बंधकों के समूह को मुक्त किया गया। हमास और इजरायल इस सप्ताह की शुरुआत में गाजा पट्टी में चार दिवसीय युद्धविराम पर एक समझौते पर पहुंचे। समझौते के तहत, हमास इजरायल में बंद लगभग 150 फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से कम से कम 50 बंधकों को रिहा करेगा। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 15,700 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल ने कहा कि हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए जबकि 200 से अधिक आश्रय स्थल गाजा ले जाए गए।

# न्यूजीलैंड में तम्बाकू-सिगरेट पर बैन हटाएगी सरकार

## इससे लोगों को टैक्स में राहत मिलेगी; 2022 में पास हुआ कानून खत्म होगा

न्यूजीलैंड की नई सरकार ने तम्बाकू-सिगरेट पर बैन हटाने का फैसला किया है। सरकार का कहना है कि इससे लोगों को टैक्स में राहत मिलेगी।

दरअसल, दिसंबर 2022 में न्यूजीलैंड संसद में तम्बाकू-सिगरेट को बैन करने वाला स्मोक फ्री एनवायरनमेंट कानून पास हो गया था। इसके तहत ऐसे लोग जिनका जन्म 2008 के बाद हुआ है, वो किसी भी तरह के स्मोकिंग प्रोडक्ट्स नहीं खरीद सकते थे। अब %द गार्डियन% की रिपोर्ट में कहा गया कि न्यूजीलैंड की नई सरकार तम्बाकू-सिगरेट पर बैन लगाने वाले इस कानून को खत्म कर देगी।



### हेल्थ एक्सपर्ट्स बोले- देश पीछे जा रहा

न्यूजीलैंड के डॉक्टर्स एसोसिएशन और हेल्थ एक्सपर्ट्स ने सरकार के इस कदम की आलोचना की है। ओटागो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रिचर्ड एडवर्ड्स ने कहा- हम स्तब्ध और निराश हैं। यह देश को पीछे ले जाने वाला कदम है।

न्यूजीलैंड सरकार देश को सिगरेट-तम्बाकू से मुक्त करना चाहती थी इसलिए यह कानून बनाया गया था। न्यूजीलैंड की तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री आयशा वेर्राल ने संसद में इस बिल को पेश किया था। उन्होंने इसे 'स्मोक फ्री फ्यूचर' की तरफ एक कदम बताया था।

उन्होंने कहा था- हजारों लोग अब लंबी और अच्छी जिंदगी जिएंगे। लोगों को स्मोकिंग से होने वाली बीमारियां नहीं होंगी। इससे न्यूजीलैंड के हेल्थ सिस्टम की 26 हजार 4 सौ करोड़ रुपए (3.2 यूएस बिलियन डॉलर) की बचत होगी।

# आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिए जीता बुकर पुरस्कार

डबलिन। आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने अपने उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिए 2023 बुकर पुरस्कार जीता है। साहित्यिक पुरस्कार के आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक बयान में कहा, पॉल लिंच का पांचवां उपन्यास बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता है। प्रॉफेट सॉन्ग को 26 नवंबर को लंदन में एक समारोह में बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता घोषित किया गया। आयोजकों ने बताया कि लिंच यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं आयरिश लेखिका भी बनीं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस ष्ठ 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240, अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# वायु प्रदूषण का कैंसर कनेक्शन

वायु प्रदूषण यानी एयर पॉल्यूशन कई तरह की बीमारियों और दिक्कतों का कारण होता है. मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत (नई दिल्ली) में हेड एंड नेक कैंसर सर्जन डॉक्टर अक्षत मलिक प्रदूषण के बारे में विस्तार से जानकारी देने का साथ ही बता रहे हैं कि कैसे इससे बचाव किया जाए. वायु प्रदूषण विभिन्न पदार्थों का एक मिश्रण है, जिसमें पार्टिकुलेट मैटर , नाइट्रोजन ऑक्साइड , सल्फर डाइऑक्साइड , ओजोन , कार्बन मोनोऑक्साइड, और वाष्पशील कार्बनिक कंपाउंड (वीओसी) होते हैं. वायु प्रदूषण के इस तरह के घटकों के संपर्क में आने से व्यक्ति की सेहत पर गलत प्रभाव पड़ता है और कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है.

कई अध्ययनों से ये पता चलता है कि वायु प्रदूषण के कारण विभिन्न प्रकार के कैंसर होने का रिस्क रहता है. इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का हिस्सा है, ने वायु प्रदूषण के कई घटकों को कार्सिनोजेन्स के रूप में वर्गीकृत किया है



### पार्टिकुलेट मैटर

हवा में सूक्ष्म कण, विशेष रूप से पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोमीटर या उससे छोटे व्यास वाले कण), से फेफड़ों के कैंसर का जोखिम रहता है. इन छोटे कणों को फेफड़ों में गहराई से सांस लिया जा सकता है और उनके साथ कार्सिनोजेन्स ले जा सकते हैं.

### पॉलीसिलिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन

ये कार्बनिक पदार्थों के आधे-अधूरे जलने से पैदा होने वाले केमिकल्स का एक समूह है जिसमें जीवाश्म ईंधन भी शामिल होते हैं. पीएएच को कार्सिनोजेन्स के रूप में जाना जाता है, और वे जीवाश्म ईंधन, लकड़ी या तंबाकू जलाने के कारण हवा में फैलते हैं.

### वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड

बेंजीन, फॉर्मलाडेहाइड और 1,3-ब्यूटाडाइन जैसे कुछ वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड (वीओसी) कार्सिनोजेन्स के रूप में जाने जाते हैं. ये पदार्थ गाड़ियों से निकलने वाले धुंए से, फैक्टरियों से और कुछ घरेलू उत्पादों के उपयोग समेत अन्य स्रोतों से उत्सर्जित होते हैं.

### नाइट्रोजन ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

ये प्रदूषक वायुमंडल में अन्य रसायनों के साथ मिलकर सेकेंडरी प्रदूषक बना सकते हैं, जिसमें नाइट्रो-पीएएच भी शामिल हैं, जिन्हें कार्सिनोजेन भी कहा जाता है.

### आर्सेनिक

हालांकि, आर्सेनिक सीधे वायु प्रदूषक नहीं होते हैं लेकिन ये प्राकृतिक स्रोतों या उद्योगों से हवा में आ सकते हैं. हवा में आर्सेनिक के लंबे समय तक संपर्क से फेफड़ों और त्वचा के कैंसर का जोखिम रहता है.

### रेडॉन

ये एक स्वाभाविक रूप से होने वाली रेडियोधर्मी गैस है जो जमीन से इमारतों में रिस सकती है. रेडॉन के ऊंचे स्तर के लंबे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर हो सकता है. महत्वपूर्ण बात ये है कि वायु प्रदूषकों से कैंसर होने का रिस्क कई बातों पर निर्भर करता है.

जैसे कि प्रदूषकों का स्तर क्या है, कितने समय पर इसके संपर्क में रहा गया है, व्यक्तिगत संवेदनशीलता और अन्य पर्यावरणीय व लाइफस्टाइल से जुड़े कारण पर ही रिस्क निर्भर करता है. वायु प्रदूषण को कम करने के प्रयास, जैसे सख्त उत्सर्जन मानकों और क्लीनर प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना, कैंसर के रिस्क समेत अन्य परेशानियों को कम करने में मदद कर सकता है. इसके अलावा, हर व्यक्ति खुद को वायु प्रदूषकों के खतरे से बचाने के लिए कदम उठा सकता है, जैसे कि ज्यादा प्रदूषण वाले क्षेत्रों में जाने से बचना, एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करना और खराब वायु गुणवत्ता के समय बाहर जाने से बचना.

# बाल सभा हुई आयोजित



सोनभद्र । जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा की निगहबानी में ग्राम एवं नगर पंचायत स्तर पर बाल सभा का किया गया आयोजन इनके सर्वांगीण विकास के समुद्देश्य से।

डीएम के निर्देशन में बाल कल्याण के मद्देनजर सर्वतोमुखी विकास के लिए आयोजित बाल सभा में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज -4 की हर माह की पृथक - पृथक थीम पर अलोकपात किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मुताबिक नवम्बर माह की तयशुदा थीम मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट को बताया और कहा कि पर इसी के तहत बाल सभा का लक्ष्य बच्चों व किशोरों में होने वाले मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में उनमें और उनके परिवार तथा समुदाय के बीच अधिकारियों के जरिये सीधे सभा व संवाद कर जागरूकता को बढ़ावा देना है । इसके अलावा मानसिक समस्याओं मसलन तनाव, अवसाद के लक्षणों, उनके व्यवहारिक, शारीरिक व भावनात्मक संकेतों की पहचान की जायेगी। कहा कि सभा एवं संवाद के दौरान अगर अधिकारियों को ऐसा प्रतीत होता है कि किसी किशोर या बच्चे को पुनर्वास की जरूरत है तो इसअनुभूति पर भी विचार व कार्यान्वियन कर सकते हैं । इस कार्यक्रम में किशोर उम्र के लड़के-लड़कियां, विशेष रूप से जरूरतमंद व दिव्यांग, पहले से मानसिक विकार के शिकार, घरेलू हिंसा, शारीरिक, यौवनात्मक - भवनात्मक शोषण या उपेक्षा के शिकार या उससे प्रभावित बच्चे, परिवार व समुदाय को शामिल किया गया है ।

## शार्ट न्यूज

### निर्देशक समीर खान की नई फिल्म की शूटिंग जल्द .!



बॉलीवुड यानी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में निर्देशक समीर खान एक जाना पहचाना नाम है ।समीर खान अपने एक नए प्रोजेक्ट को लेकर काफी व्यस्त हैं। उनकी आगामी ब्लू रेज़ फिल्म्स की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है । इस फ़िल्म की कहानी बिल्कुल ही अलग और सामाजिक मुद्दे पर आधारित है ।इस फ़िल्म की कहानी भी खुद समीर खान ने लिखी है ।अभिनेत्री शीतल चौधरी को इस फ़िल्म के लिए कास्ट किया गया है , शीतल चौधरी हिंदी सिनेमा की बड़ी अभिनेत्रियों में शुमार हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। निर्देशक समीर खान ने बताया कि बॉलीवुड के एक बड़े अभिनेता से भी फ़िल्म को लेकर बात लगभग फाइनल हो चुकी है जिसका खुलासा भी जल्द ही किया जाएगा, बातचीत की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है । फ़िल्म में एक स्पेशल कैरेक्टर के लिए अभिनेता शरीफ़ शेख को फाइनल किया गया है ।इसके अतिरिक्त बॉलीवुड के कुछ नामी गिरामी चरित्र अभिनेताओं को भी इस फ़िल्म के लिए सम्पर्क किया जा रहा है जिनके नामो का खुलासा भी जल्द ही किया जाएगा ।निर्देशक समीर खान की इसके पहले फ़िल्म तिशनगी , वेब सीरीज डार्क क्लाउड ऑफ द लाइफ और वेब फ़िल्म माय स्टोरी का निर्देशन कर चुके हैं जो पहले ही ।प्रदर्शित हो चुकी हैं ।

### नमो घाट पर हुआ विदेशी मेहमानों का भव्य स्वागत

वाराणसी। देव दीपावली पर काशी पहुंचने वाले विदेश मेहमानों का भारत के 'अतिथि देवो भव:' की परंपरा से साक्षात्कार हुआ। प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश में सोमवार को विदेशी मेहमानों का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। 70 देशों के राजदूत व 150 विदेशी डेलीगेट्स के एयरपोर्ट पहुंचने पर टीका लगाकर अंगवस्त्र भेंट किया गया। उत्तर प्रदेश की माटी पर हुए इस स्वागत से विदेशी मेहमान अभिभूत दिखे। वहीं नमो घाट पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच उनका दिव्य स्वागत किया गया। विदेशी मेहमानों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी खूब लुत्फ उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का साथ पाकर प्रसन्न मेहमानों ने उनके संग फोटो भी खिंचवाई। हवाई अड्डा और नमो घाट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, सांसद मछलीशहर बीपी सरोज, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्या, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम शामिल थे।

### विभिन्न दलों के नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

लखनऊ । विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोमवार को यहां उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में श्री पाठक के समक्ष लखनऊ नगर निगम के पूर्व पार्षद सुरेश अवस्थी, दिलीप श्रीवास्तव, अमित मौर्य, सुभाषिनी मौर्या, अनुराग पाण्डेय, सुनील शुक्ला, रामू सान्याल, अखिलेश गिरि ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक हरीश कुमार, प्रगतिशील व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुग्रीव मौर्य, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सिद्धार्थ आनंद, मौलाना इलियास सहाय नदवी, समाजवादी पार्टी के नगर सचिव दिपेन्द्र सिंह दीपू, पार्षद अशोक कुमार उपाध्याय, पूर्व पार्षद सगीर खान समेत अन्य ने भी बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, वंचितों, शोषितों सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए बिना भेदभाव के काम कर रही है।

### गोण्डा में लाखों ने किया स्नान दान

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में देवी पाटन मंडल के गोण्डा व बलरामपुर जिलों में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सरयू , घाघरा , राप्ती , टेढ़ी , मनोरमा , विसुही , कुआनो समेत सभी प्रमुख नदियो में सरोवरों और पोखरों में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान दान किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार,गोण्डा में कर्नलगंज तहसील क्षेत्र में बह रही सरयू नदी के सकरौर , परसपुर क्षेत्र के पसका में स्थित संगम , सदर के सोनरसा , तिर्रे मनोरमा , टेढ़ी नदी , घाघरा , कुआनो और विसुही व अन्य सरोवरों पोखरों में लाखों महिलाओं व पुरुष भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाकर स्नान कर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर मनोकामनाये मांगी। इस अवसर पर भक्तों ने गोदान , अन्नदान , फलदान कर ब्राह्मणों को दक्षिणा लेकर आशीर्वाद लिया। छपिया थाना क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक और पौराणिक भगवान घनश्याम जी की जन्मस्थली स्वामी नारायण मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में डुबकी लगाकर भगवान स्वामी नारायण के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में स्थित देवीपाटन मंदिर , उतरौला व सदर तहसील क्षेत्रों में बह रही राप्ती नदी के तटों पर मेलार्थियो ने नदियो में स्नान कर स्वयं को तृप्त किया। डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सभी मेला स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

### नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण

नयी दिल्ली। नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का मंगलवार को यहां अनावरण किया जायेगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है। अप्रैल 2019 में इसके शुभांरभ के समय इस युद्धपोत को इम्फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। कमीशन से पहले परीक्षणों के दौरान इस युद्धपोत ने हाल ही में विस्तारित रेंज की एक ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात अब इस युद्धपोत के शिखा अनावरण कार्यक्रम का भी शानदार तरीके से आयोजन किया जा रहा है। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं। नौसेना को ऐतिहासिक शहर इम्फाल के नाम पर अपने नवीनतम और तकनीकी रूप से उन्नत युद्धपोत पर बेहद गर्व है।

# मण्डलायुक्त द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर दिलाई गयी शपथ



सोनभद्र । संविधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त डॉ0 मुथु कुमार स्वामी ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, संविधान का सम्मान एवं उसे अंगीकृत करने से संबंधित संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई।

मण्डलायुक्त ने संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान समिति के द्वारा संविधान लिखकर पूर्ण करने पर देश की संविधान सभा द्वारा संविधान को विधिवत रूप से स्वीकार किया गया था। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 को इस संविधान को देश में लागू किया गया था। इसी के फलस्वरूप 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। मण्डलायुक्त ने आगे कहा कि हम सभी का कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि संविधान के अनुसार ही निष्पक्षता, ईमानदारी से अपने पदीय दायित्व का निर्वहन करें और दूसरे लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पोस्टल वोट गड़बड़ी मामले में कांग्रेस ने बालाघाट कलेक्टर की शिकायत की

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने कथित तौर पर पोस्टल वोट गड़बड़ी मामले में आज यहां मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से बालाघाट कलेक्टर की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह और उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे पी धनोपिया ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ यहां निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा बालाघाट जिले में पोस्टल वोट में कथित गड़बड़ी किये जाने की शिकायत करते हुये कलेक्टर मिश्रा सहित उक्त कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों को निलंबित किये जाने की मांग की है।

# संविधान की उद्देशिका की दिलाई गई शपथ



**गाजीपुर।** (पीएमए) रविवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संजय कुमार-टप्पए माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर की अध्यक्षता में प्रातः 11:00 बजे डा0 बी0आर0 अम्बेडकर जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर संविधान दिवस का शुभारम्भ जनपद न्यायालय गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर श्री राहुल कात्यायन, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गाजीपुर, श्री मोहम्मद गजाली, स्पेशल जज (एस0सी0/एस0टी0 पी0ए0 एक्ट) गाजीपुर, श्री संजय कुमार यादव-प्रथम, स्पेशल जज ( ई0सी0एक्ट) गाजीपुर, श्री राकेश कुमार-टप्पए स्पेशल जज पॉक्सो, गाजीपुर एवं न्यायिक अधिकारीगण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण जनपद न्यायालय गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में उपस्थित हुए। माननीय जनपद न्यायाधीश गाजीपुर द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को भारतीय संविधान में निष्ठा रखने एवं संविधान का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलायी गयी।

विजय कुमार-प्टए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि सन् 2015 में सरकार द्वारा डा0 बी0आर0 आम्बेडकर जी के 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनको सम्मान देने के उद्देश्य से 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था तभी से प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। बाबा साहब डा0 बी0आर0 आम्बेडकर जी का हमारे संविधान निर्माण में बहुत ही योगदान रहा है और वो प्रारूप समिति के अध्यक्ष रहे है। संविधान किसी भी देश के सिद्धांतो व नियमों का संग्रह होता जिसके आधार पर उस देश का शासन संचालित किया जाता है। हमारा संविधान 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन में बन कर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। स्वप्न आनंद, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि संविधान दिवस मनाने का मूल उद्देश्य सभी को समानता एवं बराबरी का अधिकार देना एवं संविधान की सर्वोच्चता है।

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को दिलाई गई पंचप्रण की शपथ

गाजीपुर। (पीएमए)विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लोक संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड मोहम्मदाबाद के ग्राम अबादन उर्फ बैरान में खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान ग्रामीण संवाद यात्रा के क्रम में आज तिसरे दिन निर्धारित ग्राम पंचायतों में उत्साह के साथ गाजीपुरवासियों ने सहभागिता किया। आजादी के 100वीं वर्षगाठ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त 2022 को लाल किले के प्राचीर से पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी थी। भारत को विकसित बनाने की दिशा में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" एक महत्वपूर्ण कड़ी है। खण्ड विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने "मेरी कहानी, मेरी जुबानी" कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के स्थाट



लगाये गये जिसमें अधिक से अधिक लोगो को सरकार की महत्वूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हे लाभ दिया गया। उपस्थित महिला स्वयं समूंह की सदस्यों, स्कूल छात्र/छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा धरती कहे पुकार के सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए स्वच्छता गीत से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व खिलाड़ियों व अन्य लोगों को अभिनन्दन करते हुए पुरस्कृत किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए भूमि रिकार्ड का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओ0डी0एफ0 प्लस स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति पर बल दिया गया। ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया) पीएम उज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई के0वाई0सी0, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। राजस्व विभाग के अन्तर्गत लाभार्थियों को घरौनी का वितरण/स्वामित्व योजना से संतृप्त किया गया। ग्राम विकास विभाग के अन्तर्गत पक्का गॉव, पक्का घर का उत्सव मनाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं समूह सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मनरेगा जाब-कार्ड धारकों सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपनी जुबानी में अपने लाभ/सफलता की कहानी सुनाकर लोगों को प्रेरित किया। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत ग्रामीणों को सहकारी समिति का सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के छात्रों साँस्कृतिक "विकसित भारत संकल्प यात्रा" ग्रामीण संवाद यात्रा कार्यक्रम पर सरस्वती बन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। अमृत

अग्रणी जिला प्रबन्धक के द्वारा बैंक स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ईकेवाईसी, आधार से लिंक, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यवसायिक लोन से वंचित लोगों को संतृप्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि/कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न/मिलट्स की उपयोगिता, स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया ।स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया।.

## मण्डलायुक्त ने विद्यालयों में स्थापित बूथों का किया निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**सोनभद्र ।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने व संशोधन के कार्य में तेजी लाये जाने और जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए मण्डलायुक्त मीरजापुर ने तथा कहा कि बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करें। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने जनपद में भ्रमणशील रहकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का निरीक्षण विभिन्न बूथों पर जाकर किया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने राजकीय बालिका विद्यालय राबर्ट्सगंज व राजा शारदा महेश इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज में स्थापित बूथों का जायजा लिया तथा कई क्षेत्रों के बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए किये गये कार्यों की गहनता पूर्वक जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि मतदाता सूची के कार्य में शिथिलता बरतने वाले सम्बन्धितों के खिलाफ जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित रिटर्निंग आफिसर राबर्ट्सगंज को निर्देशित किया कि मतदाता सूची के कार्य में पूरी क्षमता से लगकर इस कार्य को पूरा किया जाय और जनपद में छूटे हुए मतदाताओं का नाम अधिक से अधिक जोड़ने के कार्य में तेजी लाया जाय। कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने व नाम में संशोधन करने आदि कार्यों के लिए प्राप्त आवेदन को सुचारू व बेहतर तरीके से रख-रखाव के निर्देश सम्बन्धित को दिये। मण्डलायुक्त ने पूर्व दिनों में किये गये निरीक्षण की स्थिति जानी और रजिस्टर के अनुसार जो आवेदन प्राप्त हुए थे, मतदाता सूची में दर्ज किया गया कि नहीं इसकी भी समीक्षा की तथा और बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धितों को दिये।

# आदित्य ठाकरे ने श्यामाश्याम मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन

मथुरा। शिवसेना की युवा इकाई 'युवा सेना' अध्यक्ष आदित्य ठाकरे ने मथुरा के श्यामाश्याम मन्दिर के जीर्णोद्धार कार्य का सोमवार को वैदिक मंत्रों के बीच उदघाटन किया। आज से विधिवत भक्तों के लिए इस मन्दिर के पट खोल दिए गए हैं। मन्दिर के सेवायत आचार्य मुकेश स्वामी ने बताया कि 500 वर्ष से अधिक पुराने इस मन्दिर का जीर्णोद्धार कार्य छह माह में पूरा हुआ। इस मन्दिर का निर्माण महाप्रभु बल्लभाचार्य के आठ शिष्यों में से एक छीतस्वामी ने कराया था तथा यह मन्दिर ब्रज चैरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर यमुना के श्यामघाट पर स्थित है। इस अवसर पर ठाकरे ने पत्रकारों के राजनैतिक सवालों का उत्तर देने से मना कर दिया और कहा कि वे धार्मिक यात्रा पर आए हैं। ठाकरे ने इससे पूर्व यमुना पूजन भी किया। उनके साथ उनकी पार्टी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी एवं उत्तर प्रदेश विधान सभा के पूर्व सीएलपी लीडर प्रदीप माथुर भी थे। माथुर ने बताया कि उन्होने ठाकरे से अनौपचारिक प्रश्न में जब इण्डिया गठबंधन के बारे में पूछा तो युवा सेना नेता के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वे इस गठबंधन के अंग हैं तथा गठबंधन के सभी लोग मिलकर लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ा मुकाबला देंगे।

# मण्डलायुक्त ने मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## कार्य में बेहतर गुणवत्ता न होने पर अधिशासी अभियन्ता भवन मीरजापुर व नामित एजेन्सियों के खिलाफ किया जाय कार्यवाही

सोनभद्र ।मण्डलायुक्त मीरजापुर डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 जनपद में रहे भ्रमणशील और इसी सुमध्य पहुँचे पुलिस लाईन चुर्क जहां निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का किया औचक निरीक्षण पूरी शिद्दत से।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने मेडिकल कालेज परिसर में सड़क निर्माण, भवन निर्माण व विभिन्न संकायों के भवन - कक्ष के निर्माण कार्यों के प्रगति देखी और निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि से कराये जा रहे



कार्य प्रगति की बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की जिसमें मण्डलायुक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ता की काफी कमी पाई गई। अतिशय न्यून गुणवत्ता के साथ ही जगह-जगह की दीवारों में पड़े दरार साफ दृष्टिगोचर हो रहे थे तो पी0एम0सी0 द्वारा निर्माण कार्य का ठीक ढंग से निगरानी नहीं किये जाने की बात भी सामने आई।

मण्डलायुक्त ने इसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगायी और सम्बन्धित को निर्देशित किया कि इनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही किया जाय। इस मौके पर अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर लो0नि0वि0 के कार्य में भी काफी शिथिलता पायी गयी, जिस पर सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय। बेहद तल्ख तेवर रहे मण्डलायुक्त के गुणवत्तापूर्ण कार्य न किये जाने पर और मानकों के प्रतिकूल कार्य प्रगति अत्यंत प्रशमित पाई गई। मण्डलायुक्त ने मेडिकल कालेज एकेडमी, ट्रेनिंग हाल, मेडिसिन लैब, इलेक्ट्रिक कक्ष, बायो कमेस्ट्री लैब, लेक्चर थियेटर, गर्ल्स हास्टल, शौचालय निर्माण के कार्यों को परखा और जाँचा।